गोरखपुर, १६ अक्टूबर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि आगामी 12 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को होगा। पुनरीक्षण की प्रक्रिया एक जनवरी 2027 को अर्हता तिथि मानकर पूरी की जाएगी।

जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी अपने कार्यकर्ताओं और आम मतदाताओं तक पहुंचाएं, ताकि पात्र नागरिकों का नाम सूची में दर्ज हो सके और अपात्र नामों को नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया पूरी की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्राप्त होने वाले दावे और आपत्तियों पर ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पहले दी गई आपत्तियों को इस पुनरीक्षण में स्वत: मान्य नहीं माना जाएगा। जिन लोगों को नाम जोड़ने, हटाने या किसी प्रविष्टि में सुधार के लिए आपत्ति अथवा दावा करना है, उन्हें निर्धारित अवधि में दोबारा आवेदन देना होगा। इसी प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निस्तारित किया जाएगा।डीएम ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने और विवरण में संशोधन के लिए अलग-अलग फार्म निर्धारित हैं। पात्र नागरिकों को इनका सही इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि आवेदन के निस्तारण में अनावश्यक परेशानी न हो।

♦ गलत जानकारी देकर नाम कटवाने पर हो सकती है एक साल की सजा, डीएम ने राजनीतिक दलों को किया आगाह

पुलिस ने असामाजिक तत्वों को दी चेतावनी, जनसामान्य को कराया सुरक्षा का एहसास

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। नवरात्रि और विजय दशमी पर्व को शांतिपूर्ण



और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजघाट और कैंट पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च और बाइक रैली निकालकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही असामाजित तत्वों को चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार एसएसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर राजघाट थाना प्रभारी गौरव कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग एवं फुट पेट्रोलिंग किया। इस दौरान

♦ थाना राजघाट और कैंट क्षेत्र में निकाली बाइक रैली

पुलिस टीम ने तुर्कमानपुर, नॉर्मल रोड, पांडेयहाता, घंटाघर में स्थापित विभिन्न पूजा पंडालों और प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। दुर्गा पूजा आयोजकों से मुलाकात की और पंडालों में सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने आयोजकों से स्पष्ट कहा कि पर्व धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाए। पूजा पंडालों में ऐसा कोई कार्यक्रम या संगीत न हो, जिससे धार्मिक वातावरण प्रभावित हो अथवा किसी की भावनाएं आहत हों। डीजे पर अश्लील एवं आपत्तिजनक गीत बजाने से पूरी तरह परहेज करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कैंट जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जवानों ने बाइक रैली ह्य की चेतावनी दी।

रंजिश में युवक को मारपीट कर किया घायल

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के पूजा फार्मेसी के पास दबंगों ने एक व्यक्ति को डंडा बेल्ट और बांस से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ३ नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ धारा ११०, ११५(२), ३५१(३), ३५२ बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार चिलुआताल थाना क्षेत्र के नौतन निवासी किसान कुमार के मुताबिक गुरुवार की लगभग सुबह १० बजे, गुलरिहा थाना क्षेत्र के पूजा फार्मेसी के बगल स्थित पुलिया के पास, महेश, देवा, संजीत पासवान और कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर डंडा, बेल्ट और बांस मुझे बुरी तरह मारा पीटा गया। जिससे सिर फट गया, काफी चोटें आई हैं। उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है।

आयुक्त ने पांच कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण, विकास भवन में हड़कम्प

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। मण्डलायुक्त इन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा आज विकास भवन परिसर स्थित पांच अहम विभागों का औचक निरीक्षण किया गया। उनके इस कारवाई से पूरे विकास भवन में हड़कम्प सा मच गया। औंचक निरीक्षण में गोरखपुर मण्डल के आयुक्त संबंधित विभागों के कार्यालयों की अव्यवस्था एवं खामियों से रूबरू हुए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में तो अधिशासी अभियंता विवेक राय ही अनुपस्थित मिले। पूछने पर पता चला कि वह दूर पर गये हैं। मण्डलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा संयुक्त आयुक्त, खाद्य के कार्यालय सहित विकास भवन के भूमि तल स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम संयुक्त आयुक्त, खाद्य के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मनोज कुमार, संयुक्त आयुक्त, खाद्य उपस्थित मिले। इनके कार्यालय के बाहर पुरानी आलमरियों के ढेर हैं तथा लिपिक के बैठने के कक्ष में बेतरतीब फाइले पड़ी मिली। पेन्टिंग काफी वर्ष पूर्व होना पाया गया, बाहर कूड़े के ढेर मिले। इसके उपरान्त विकास भवन स्थित ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग का निरीक्षण मण्डलायुक्त ने किया। अधिशासी अभियन्ता विवेक प्रिय के सम्बन्ध में पूछने पर सहायक अभियन्ता शचीन्द्र सिंह ने बताया कि वे टूर पर गये है, परन्तु कोई टूर रजिस्टर नहीं मिला। कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों के पटल का निरीक्षण किया गया, जिसमें काफी कमियां मिली। साथ ही पुराने कण्डम सामान इधर-उधर तथा आलमारियों के उपर रखे मिले। पुरानी कुर्सिया, फोटोकापी मशीन, चाय के कप आदि कार्यालय में पाये गये। मण्डलायुक्त द्वारा एक संविदा कर्मी से उसके द्वारा बनाये गये स्टीमेट को भी चेक किया गया, जिसमें प्रथम दृष्टया कमी पाये जाने पर इसकी जॉच करने के निर्देश दिये गये।



♦ ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अधिशासी अभियंता विवेक राय मिले अनुपस्थित

मण्डलायुक्त ने पुन: 10 दिन बाद इस कार्यालय का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुये तब तक कमियों को सुधारने के लिये सचेत किया गया। इसे उपरान्त एक दिव्यांग व्यक्ति के पेंशन न मिलने की शिकायत पर जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी के कार्यलय का निरीक्षण कर सभी पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को समय से पेंशन दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के सभी पटलो का गहन निरीक्षण किया गया। इस कार्यालय में स्थान की कमी के बावजूद पुराने रजिस्टर, फाइले, कम्प्यूटर के कार्टेज, खाली डब्बे आदि रखे हुये हैं। पंचायत सचिवों एवं अन्य कार्मिकों की सेवा पुस्तिका वर्ष 2022 के उपरान्त भरी ही नहीं गयी है। इन सभी कमियों को 10 दिवस में ठीक करने तथा आफिस को ठीक करने के निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। जिला पूर्ति कार्यालय में गन्दगी का अंबार मिला। पुराने टूटे चेयर आफिस में ही रखे मिले। जिधर से स्वच्छ हवा एवं धूप आती है, उसे बन्द कर दिया गया है। उस बन्द कर देने से बाहर कबाड़ रखने का स्थान बन गया है। पूरे आफिस की साफ-सफाई, रंगाई पोताई तथा बाहर की सफाई करके उसे 10 दिन में स्वच्छ करने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह को दिये गये। श्रीसिंह ने निर्देश दिया कि विकास भवन के ग्राउण्ड फ्लोर की सफाई तथा पेय-जल, शौचालय आदि की व्यवस्था को मुख्य विकास अधिकारी आगामी 10 दिनों में कराये तथा आगन्तुकों को बैठने हेतु चेयर भी लगाये। साथ ही विकास भवन के प्रवेश द्वार के पास एक हेल्प डेस्क भी बनवाये।

भाजपा ने तीन चरणों में परखी गोरखपुर क्षेत्र की जमीनी तैयारियां

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी चुनावी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक सक्रियता, मतदाता संपर्क और चुनावी तैयारियों की समीक्षा तेज कर दी है। इसी क्रम में अपने तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद एवं



उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी वर्मा ने क्षेत्रीय कार्यालय रानीडीहा में तीन अलग-अलग सत्रों में बैठक कर संगठनात्मक और चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। बैठकों में शिक्षक विधान परिषद चुनाव की तैयारियों से लेकर आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति तक विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। प्रथम सत्र में गोरखपुर क्षेत्र के सभी 12 संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। परिचय के औपचारिक दौर के बाद प्रदेश सह प्रभारी ने शिक्षक विधान परिषद चुनाव की तैयारियों तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिलावार स्थिति की समीक्षा की। द्वितीय सत्र में गोरखपुर क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें शिक्षक विधान परिषद चुनाव की निगरानी व्यवस्था को सुचारू बनाने, चुनाव संबंधी सूचनाओं के तकनीकी प्रबंधन तथा मतदाता संपर्क अभियान की सक्रिय समीक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि वह सरकार के कार्यों और प्रदेश में हो रहे बदलावों की जानकारी तथ्यों के साथ जनता तक पहुंचाए तथा लोगों से निरंतर संवाद बनाए रखे। विधानसभा चुनाव की तैयारी समयबद्ध योजना, स्पष्ट जिम्मेदारियों और नियमित समीक्षा के आधार पर आगे बढ़ाई जानी चाहिए। तृतीय सत्र में गोरखपुर क्षेत्र के सभी 12 संगठनात्मक जिलों के जिला प्रभारियों के साथ बैठक हुई। इसमें शिक्षक विधान परिषद चुनाव तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जय प्रकाश शाही, युधिष्ठिर सिंह, कृष्णगोपाल जायसवाल सहित गोरखपुर क्षेत्र के सभी 12 संगठनात्मक जिलों के जिला प्रभारी उपस्थित रहे।

शाहपुर के हत्थे चढ़े दो स्नेचर

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। शाहपुर थाना पुलिस ने गत दिनों हास्टल से खाना खाने निकले एक छात्र का स्कूटी सवार बदमाशों द्वारा मोबाइल छिनैती की घटना किये जाने का आज खुलासा कर दिया। पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग की उक्त घटना में शामिल व मु०अ०सं० ४८५/२०२६ धारा ३०४ (२) में वांछित बासु थापा निवासी जीएम रेलवे कार्यालय स्टेडियम कालोनी थाना कैंट और प्रिंस मोहन मुखर्जी निवासी डेयरी कालोनी कौआबाग थाना शाहपुर को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेज दिया है। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शाहपुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कक पास से छिनैती के चार मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी भी बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा ३१७ (२) की बढोत्तरी की गई है। उन्होंने बताया कि घटना १४ अक्टूबर की रात की है। पीड़ित ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि वह अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से हॉस्टल से खाना खाने के लिए गोलघर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान असुरन चौराहे पर स्कूटी सवार दो अज्ञात व्यक्ति उसके पास पहुंचे और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए।



❖ छिनैती के चार मोबाइल और स्कूटी बरामद

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला कबड्डी टीम से मुलाकात की

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली स्थित रेल भवन में भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्यों से मुलाकात की। इस टीम ने जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियाई खेल 2026 में स्वर्ण पदक जीता है। 26 सितंबर 2026 को खेले गए एक कड़े मुकाबले में, भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ईरान को 37-34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता और सफलतापूर्वक अपना एशियाई खेलों का खिताब बरकरार रखा। केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय रेलवे की महिला खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने समर्पण, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन खेल प्रदर्शन से तिरंगे का मान बढ़ाया है और देश का नाम रोशन किया है। टीम की कोच नीता मोरेश्वर दाडवे थीं और टीम की कप्तानी पुष्पा राणा ने की। मंत्री से मुलाकात करने वाली रेलवे की खिलाड़ियों में दक्षिण मध्य रेलवे की मुख्य कोच नीता मोरेश्वर दाडवे; दक्षिण मध्य रेलवे की रितु नेगी; उत्तर रेलवे की पूजा; दक्षिण मध्य रेलवे की पिंकी रॉय; तथा पश्चिमी रेलवे की सोनाली विष्णु शिंगटे और राज रानी शामिल थीं। भारतीय रेलवे का रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक लंबा इतिहास रहा है। रेलवे के खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेलों, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। संस्थागत सहयोग और नौकरी के साथ-साथ खेल करियर को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करके, भारतीय रेलवे देश में खेल प्रतिभाओं के विकास में लगातार योगदान दे रहा है।



बचपन बचाओं अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम को प्रयास जारी

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस देवरिया सदर द्वारा निगरानी के दौरान प्लेटफार्म-2 से दो व्यक्तियों को तस्करी कर ले जाए जा रहे लगभग 6 किग्रा. गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल रसड़ा एवं अपराध आसूचना शाखा वाराणसी तथा राजकीय रेलवे पुलिस बलिया द्वारा संयुक्त रूप से निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या-19045 में 4 व्यक्तियों को 342 अदद् अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल छपरा को गाड़ी संख्या-15565 में 16 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन छपरा को सुपुर्द किया गया। रेलव सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या-2 पर 11 एवं 13 वर्ष के दो लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त दोनों लड़कों को चाइल्ड लाइन गोरखपुर के सुपुर्द किया गया। गाड़ी संख्या-15111 से 45 वर्ष की एक महिला भूलवश तमकुही रोड स्टेशन पर न उतर सकी, को रेलवे सुरक्षा बल थावे द्वारा स्टेशन पर उतारा गया। उक्त महिला को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया।

धम्म विजय दशमी एवं सम्मान समारोह 20 को

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया (भारतीय बौद्ध महासभा) उ.प्र.-पूरब के तत्वावधान में 20 अक्तूबर को 11 बजे दिन में जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट कचहरी, में धम्म विजय दशमी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुरु प्रसाद मदन एडवोकेट उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा मुख्य वक्ता के रूप में सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक नगर आयुक्त, एवं अध्यक्षता लालमन, एडवोकेट पूर्व जिला महामंत्री, अधिवक्ता जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट कचहरी, गोरखपुर करेगें तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौतम, केन्दीय मीडिया सदस्य, बी.एस.आई. करेगें।

सेंट जोसेफ स्कूल में अंतर विद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। सेंट जोसेफ स्कूल, गोरखनाथ में आज गोरखपुर धर्मप्रांत के अंतर्गत आने वाले अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों के बीच दो दिवसीय अंतर विद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2026 आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि फादर बेनी, प्रधानाचार्य फादर थॉमस फिलिप, फादर मैथ्यू, फादर फांसिस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों, कोचों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस फिलिप ने खेल भावना के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान धर्माध्यक्ष बिशप मैथ्यू निलीकुनेले ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में चौदह विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इसमें प्राइमरी गर्ल्स की कुल दस एवं प्राइमरी ब्वायज की चौदह टीमें थीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस फिलिप द्वारा मुख्य अतिथि फादर बेनी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आज की विजेता टीमों के बीच सेमी फाइनल एवं फाइनल का मुकाबला कल संपन्न होगा।

मारवाड़ी युवा मंच की गरबा ने बिखेरी उत्सव की छटा

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित 'गरबा री रात 6.0' का भव्य आयोजन गोरखपुर क्लब में हर्षोल्लास हुआ। रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक परिधानों और गरबा-डांडिया की मनमोहक धुनों ने पूरे माहौल को उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ गरबा एवं डांडिया का आनंद लिया। संगीत की थाप पर थिरकते कदमों और पारंपरिक संस्कृति की खूबसूरत झलक ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। 'गरबा री रात 6.0' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और आपसी मेल-मिलाप का शानदार उत्सव बनकर सामने आया। मारवाड़ी युवा मंच की इस भव्य पहल ने लोगों को एक साथ जुड़ने और उत्सव का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दुर्गेश बजाज, सचिव संचित भालोटिया, पूर्व अध्यक्ष नवीन पार्लीवाल ,निवर्तमान अध्यक्ष मयंक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, सलाहकार अभिषेक पोद्दार कार्यक्रम उपाध्यक्ष अंकित पोद्दार तथा कार्यक्रम निदेशक मनीष केडिया, गौरव चिरानिया, मयंक केडिया एवं उमंग केडिया का विशेष योगदान रहा।उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी मनीष मित्तल द्वारा दी गई।

संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान में अभाविप का शंखनाद

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), गोरक्ष प्रांत द्वारा शुक्रवार दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में लोकतंत्र अपनाओ-अराजकता हटाओ के नारे के साथ व्यापक प्रदर्शन किया गया। दीक्षा भवन से सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता के साथ प्रारंभ हुई प्रदर्शन यात्रा कला संकाय एवं विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से होते हुए छात्रसंघ चौराहे पर संपन्न हुई। प्रदर्शन के माध्यम से अभाविप ने देश की संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं, विशेषकर निर्वाचन आयोग और न्यायालय की गरिमा को धूमिल करने, उनकी कार्यप्रणाली पर निराधार प्रश्नचिह्न खड़े करने तथा उनके प्रति जनमानस में अविश्वास उत्पन्न करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। अभाविप ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए हिंसा एवं अराजकता का सहारा लेना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। अभाविप कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत का निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है, जो संवैधानिक प्रावधानों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप देश में निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी है। निर्वाचन प्रक्रिया अथवा चुनावी सुधारों से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति के समाधान के लिए संविधान एवं कानून के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रियाएं और वैधानिक मंच उपलब्ध हैं। प्रदर्शन यात्रा में अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संपदा द्विवेदी,प्रांत सह मंत्री निखिल गुप्ता, बृजभूषण उपाध्याय, अजय कुशवाहा एवं प्रांत संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।



संगीत रुपक महिषासुरमर्दनी का मंचन

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। बंगाली समिति द्वारा आयोजित शारदोत्सव के प्रथम दिन षष्ठी तिथि को ब्रह्ममुहुर्त पर संगीत रुपक महिषासुरमर्दनी का मंचन हुआ। जिसमें सुक्ती मुखर्जी, पार्थो चटर्जी, मन्दिरा बनर्जी, संगीता नन्दी, प्रतिमा चक्रवर्ती, सुजीत राय, मीता चटर्जी, दीप्ती चटर्जी, शर्मिष्ठा चटर्जी, नूपुर चटर्जी, अनुपम मुखर्जी, शुभांकर नियोगी, प्रियांजलि गुप्ता,मोनाली बनर्जी, प्रफुल्ल चटर्जी, इन्द्रजीत चटर्जी, कल्पतरु लाहिड़ी, सुजय, विराट ,निलेश एवं प्रोसेनजीत ने अपने सुमधुर कंठ से भावपूर्ण प्रस्तुति दिया। तबला,बासुरी, की बोर्ड, गीटार एवं वायलीन पर रहे जय डे, रानू जानसन, आदर्श, अभिषेक, विरेन्द्र पाल मकसुधन जायसवाल एवं अयंस। इसके उपरांत देवी कलश स्थापना, वोधन एवं आमंत्रण पूजा बंगाल से आऐ पुरोहित ने किया।

किशोरी को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र की खेत जारी एक १७ वर्षीय किशोरी को पड़ोसी गांव के युवक द्वारा रास्ते में रोक कर गाड़ी बैठा करके भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के पिता जब काम से वापस घर लौटा तब उसे मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने मुकाकी पुलिस को तहरीर देकर आज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। भटहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दिये तहरीर में पीड़ित ने लिखा है कि गुरुवार को लगभग सुबह १० बजे उनकी १७ वर्षीय पुत्री खेत के तरफ जा रही थी। बूढ़ाडिह गांव का अज्ञात लड़का उसे अपनी गाड़ी पर बैठा कर भगा ले गया। गांव के कुछ लोगों ने देख कर बताया कि वह पहले स्कूल की गाड़ी चलाता था। काम से घर वापस लौटा तो मुझे जानकारी हुई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर, मामले की जांच की जा रही है।

नहाते समय महिला पर डालीनज़र, विरोध करने पर ईंट से किया हमला

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र में नहाते समय एक मनचले द्वारा महिला को बार बार नज़र दौड़ाने का विरोध करने पर ईंट से हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि १३ अक्टूबर को दिन में करीब १० बजे वह साड़ी से घेरा बनाकर उसमें नहा रही थी, इस दौरान एक व्यक्ति बार-बार वहीं से आता जाता रहा और उसे देखता रहा। इसका अंजादा लगने पर जब उसने विरोध किया तो वह गाली देते हुए ईंट से हमला कर दिया, जिससे उन्हें काफी चोटें आईं हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी अमरिका के खिलाफ धारा ७७, ११५(२), ३५१(३) ३५२ बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

बांसगांव तहसील में वकीलों के दो गुटों में भिड़ंत, मची अफरा-तफरी

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। शुक्रवार को तहसीलदार बांसगांव की कोर्ट के सामने लोगों में उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब दो वकीलों के बीच भिड़ंत हो गयी। इस दौरान दोनों गुटों के बीच गाली गलौज और जमकर हुई मारपीट से चारो तरफ हड़कम्प पैदा हो गयी।

बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार को तहसीलदार कोर्ट में सुनवाई के लिए लगी पत्रावलियों की पैरवी के लिए वकीलों और वादकारियों का आगमन हो रहा था। इसी दौरान पता चला कि आज कोर्ट नहीं चलेगी। इस बीच एक पत्रावली में अगली तारीख लेकर कोर्ट से बाहर निकले एक वकील और दूसरे पक्ष के वकील के बीच कहासूनी होते गाली गलौज के साथ मारपीट होने लगी। इस दौरान हो रहे शोर शराबा को सुनकर तहसील में अफर-तफरी मच गयी। इस बीच मौके पर पहुंचे दोनों पक्षों के समर्थकों ने भी बवाल काटना शुरू कर दिया। जिससे तहसील परिसर में चारो तरफ हड़कम्प पैदा हो गयी। कर्मचारी खुद की सुरक्षा का उपाय करने लगे। इसकी सूचना मिलने पर बांसगांव कस्बा चौकी इंचार्ज विकास सिंह भदौरिया तथा उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह पुलिस बल के जवानों के साथ कचहरी पहुंचे और शान्ति कायम करने में जुट गये। इस सम्बंध में प्रभारी थानेदार वरिष्ठ उप निरीक्षक भगवान बख्स सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष से तहरीर दी गयी है, मामले की जांच कस्बा चौकी इंचार्ज विकास सिंह भदौरिया को सौंप दी गयी है। जांच रिपोर्ट मिलते ही अगली कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

❖ दोनों पक्षों ने थाने में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

भास्कर दूबे के निधन पर अधिवक्ताओं में शोक

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता भास्कर दूबे के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा एसोसिएशन के अध्यक्ष उमापति उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन मंत्री अनुज अस्थाना ने किया। शोक सभा में अधिवक्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। अधिवक्ताओं ने उन्हें मृदुभाषी मिलनसार एवं कुशल अधिवक्ता बताते हुए उनके निधन को अधिवक्ता समुदाय के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उनके निधन से दुखी एवं मर्माहत होने के कारण बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को न्यायिक कार्य नहीं किया। वहीं जिला अधिवक्ता एसोसिएशन ने भी वरिष्ठ अधिवक्ता भास्कर दूबे के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आहूत की। शोक सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार चौरसिया ने किया। यह जानकारी एसोसिएशन के मंत्री चन्द्र प्रकाश मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि शोक सभा में अधिवक्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। अधिवक्ताओं ने उन्हें मृदुभाषी मिलनसार एवं कुशल अधिवक्ता बताया।

रेलवे में निरंतर चलता रहेगा स्वच्छता अभियान

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों एवं आवासीय कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, टैप, फिल्टर, वितरण बिंदुओं तथा पाइप लाइनों की निरन्तर निगरानी एवं रखरखाव के कार्य को प्राथमिकता दी गई है। रेलवे के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों,स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा पेयजल को सुरक्षित बनाने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं रासायनिक विश्लेषण नियमित रूप से किये जा रहे हैं। रेल यात्रियों और कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रेल प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है और यह कार्य अभियान के रूप में निरन्तर चलता रहेगा। लखनऊ मंडल पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल चिकित्सालय,बादशाहनगर डॉ. रमेश चन्द तथा अपर मंडल रेल प्रबन्धक, इन्फ्रा भुवनेश सिंह के संयुक्त निर्देशन में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों,स्वास्थ्य निरीक्षकों ने 21 प्रमुख स्टेशनों एवं 4 मुख्य आवासीय कॉलोनियों में कुल 251 अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण तथा 37 जीवाणु संवर्धन परीक्षण किये, जांचोपरान्त सभी जल नमूने निर्धारित मानक के अनुरूप पाये गये। इसी प्रकार, इज्जतनगर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर निरन्तर अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण एवं जीवाणु संवर्धन परीक्षण किये जा रहे हैं। वाराणसी मंडल पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों,स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्टेशनों, आवासीय कॉलोनियों, कोचिंग डिपो, चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों, रनिंग रूम, क्रू लॉबी तथा कार्यालयों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, वाटर फिल्टर, पाइप लाइनों एवं पंपिंग प्रणाली की जाँच की गई। पूर्वोत्तर रेलवे के सभी स्टेशनों, आवासीय कॉलोनियों एवं कार्यालयों में शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिये यह जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा। स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा नियमित परीक्षण किये जा रहे हैं, ताकि यात्रियों और कर्मचारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। रेल यात्रियों एवं कर्मियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना रेल प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिये जल गुणवत्ता की निगरानी निरन्तर जारी रहेगी।



आला अफसरों ने किया चटोरी गली का भ्रमण

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। आज दोपहर जिलाधिकारी , एस.एस.पी., नगर आयुक्त, एसपी ट्रैफिक और अन्य अधिकारीगण चटोरीगली में और गोलघर में भ्रमण किए और व्यापारियों से उनकी समस्याओं को सुना, चटोरी गली के कुछ व्यापारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात किया और समस्या को गंभीरता से समझा, और इसके लिए सकारात्मक समाधान के लिए आश्वासन दिया। समस्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष नितिन कुमार जायसवाल से भी बातचीत किया।

आकाश बने मिस्टर फ्रेसर, स्मृति बनीं मिसफ्रेसर

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। महाविद्यालय का जीवन आपको केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह आपको एक जिम्मेदार नागरिक संवेदनशील इंसान बनने की प्रेरणा भी देता है। झंगहा प्रतिनिधि के अनुसार अखिलभाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार के कला संकाय में नवागत छात्रों के सम्मान में आयोजित फ्रेसर पार्टी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुधीर कुमार राय ने कही। उन्होने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन के बल पर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।. विशिष्ट अतिथि सहायक आचार्य योगेंद्र कुमार ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल किताबी ज्ञान ही आवश्यक नहीं है इसके साथ अच्छा चरित्र व सकारात्मक सोच भी आवश्यक है।.कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रागिनी राय ने किया। इस अवसर पर मिस्टर फ्रेसर आकाश निषाद व मिस फ्रेसर स्मृति शुक्ला को चुना गया. कार्यक्रम का संचालन दीपक व प्रिती ने किया जबकि आभार ज्ञापन डॉ. अनुपम सिंह ने किया.निर्णायक की भूमिका में डॉ. सरवर अहमद, डॉ. हरिलाल, मोहिसीना सिद्दीकी रहे.।

गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से पूजी गई माता कात्यायनी

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। पावन शारदीय नवरात्र के छठवें दिन शुक्रवार को, गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में मां दुर्गा के षष्ठम स्वरूप माता कात्यायनी की विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आराधना कर चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की गई। गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने नवरात्र की षष्ठी तिथि पर दोनों सत्रों, प्रात:काल एवं सायंकाल शक्तिपीठ में कात्यायनी माता की पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान गौरी-गणेश की आराधना के साथ सभी देव-विग्रहों का षोडषोचार भी पूजन किया। योगी कमलनाथ ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता कात्यायनी की उपासना से धर्म, निर्भयता और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती। उनकी आराधना समस्त रोग, शोक, संताप से मुक्ति दिलाने वाली है। छठवें दिन के अनुष्ठान में, गोरखनाथ मंदिर स्थित शक्तिपीठ के गर्भगृह में श्रीमद्देवीभागवत और दुर्गा सप्तशती का सस्वर पाठ हुआ। दोनों पूजन सत्रों में आरती और क्षमा प्रार्थना के बाद प्रसाद का वितरण हुआ।

धर्मशाला बाजार रामलीला में राम विवाह मंचन

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। धर्मशाला बाजार की रामलीला के दूसरे दिन अहिल्या उद्धार,गंगा अवतरण,धनुष यज्ञ तथा उसके पश्चात परशुराम-लक्ष्मण के संवाद में तीखी नोकझोंक का दर्शकों ने आनंद उठाया। इसी क्रम में वाणासुर-रावण संवाद भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अतिरिक्त नगर दर्शन,फुलवारी तथा राम विवाह का सुन्दर मंचन किया गया। आज की रामलीला में महानंद गिरि के नेतृत्व में आदर्श रामलीला मंडली अयोध्या धाम के कलाकारों द्वारा लीला का बहुत ही सुन्दर व भावपूर्ण मंचन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण शिवशंकर दूबे,सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता,शशांक शेखर त्रिपाठी,रवि प्रकाश मिश्र,सच्चिदानंद पांडेय,डॉ धर्मेन्द्र कुमार सिंह,राजन चौरसिया,सचिन गुप्ता, राकेश गुप्ता,विनोद दूबे,सत्येंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला का आनंद लिए।

त्यौहारों पर चलायी जा रही विशेष ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता

गोरखपुर, १६ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में माह अक्टूबर तक के लिये 16 अक्टूबर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। छपरा से चलने वाली 05085 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी में 20 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 294, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 81 एवं शयनयान श्रेणी में 10 बर्थ तथा 27 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 1, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 100, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 345, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 118 एवं शयनयान श्रेणी में 140 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट त्यौहार विशेष गाड़ी में 19 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 51, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 217 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 31 बर्थ तथा 26 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 53 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 217 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05096 मऊ-कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 28 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 17 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05167 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी में 17 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 54, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 94 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 62 बर्थ; 24 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 11, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 58, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 153 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 90 बर्थ तथा 31 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 75, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 205, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 122 एवं शयनयान श्रेणी में 280 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 18 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 15, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 74 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 532 बर्थ तथा 25 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 7, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 69 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 521 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 23 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 48, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 145 एवं शयनयान श्रेणी में 162 बर्थ तथा 30 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 61, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 66 एवं शयनयान श्रेणी में 354 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह त्यौहार विशेष गाड़ी में 21 अक्टूबर को शयनयान श्रेणी में 172 बर्थ; 23 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 165 एवं शयनयान श्रेणी में 421 बर्थ; 28 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 161 एवं शयनयान श्रेणी में 441 बर्थ तथा 30 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 152 एवं शयनयान श्रेणी में 360 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर-डिब्रूगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 22 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 152 एवं शयनयान श्रेणी में 360 बर्थ तथा 29 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 286 एवं शयनयान श्रेणी में 577 बर्थ उपलब्ध है।, छपरा से चलने वाली 07652 छपरा-जालना त्यौहार विशेष गाड़ी में 23 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 62, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 216 एवं शयनयान श्रेणी में 547 बर्थ तथा 30 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 220 एवं शयनयान श्रेणी में 587 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 09066 छपरा-सूरत त्यौहार विशेष गाड़ी में 21 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 322 बर्थ तथा 28 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 509 एवं शयनयान श्रेणी में 421 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 17 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 71, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 285 बर्थ; 24 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 348 एवं शयनयान श्रेणी में 400 बर्थ तथा 31 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350 एवं शयनयान श्रेणी में 407 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 04824 मऊ-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 27 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 126 एवं शयनयान श्रेणी में 142 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी में 18 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 62 बर्थ; 20 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 96 बर्थ; 25 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 110 बर्थ तथा 27 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 124 एवं शयनयान श्रेणी में 308 बर्थ उपलब्ध है। गाजीपुर सिटी से चलने वाली 04132 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) त्यौहार विशेष गाड़ी में 18 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 147 एवं शयनयान श्रेणी में 73 बर्थ; 22 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 129 एवं शयनयान श्रेणी में 16 बर्थ; 25 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 113 एवं शयनयान श्रेणी में 134 बर्थ तथा 29 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 173 एवं शयनयान श्रेणी में 279 बर्थ उपलब्ध है। यात्रीगण इन ट्रेनों में बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुगम एवं आरामदेह बनावें।

❖ बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुगम बनायें यात्रीगण

कस्तूरबा की चार छात्राओं ने संभाली एक दिन के डीएम की सांकेतिक कमान, जानी जनसुनवाई की बारीकियां

देवरिया। मिशन शक्ति अभियान (फेज-6) के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट में एक अनूठी और प्रेरक पहल देखने को मिली। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की पहल पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) बैतालपुर की चार छात्राओं को एक दिन के लिए सांकेतिक जिलाधिकारी (डीएम) की भूमिका निभाने का अवसर मिला। छात्राओं ने न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली को करीब से देखा, बल्कि जनसुनवाई में बैठकर आम जनता की समस्याओं के समाधान की पूरी प्रक्रिया को भी समझा। सांकेतिक रूप से डीएम की कुर्सी और दायित्व संभालने वालों में कक्षा सात की रानीका पाण्डे, कक्षा आठ की मानवी पटेल व पलक पटेल और कक्षा नौ की रागिनी यादव शामिल रहीं। जनसुनवाई कक्ष में पहुंचीं इन बालिकाओं को आईजीआरएस और आम फरियादियों से मिलने वाली शिकायतों के पंजीकरण, संबंधित विभागों को उनके प्रेषण, अग्रिम कार्रवाई की निगरानी और समयबद्ध निस्तारण की तकनीकी व व्यवहारिक बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान छात्राओं ने प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की।आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाना उद्देश्य- डीएम जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सही निर्णय लेने की योग्यता विकसित करने के लिए उन्हें व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव कराना बेहद जरूरी है। प्रशासनिक व्यवस्था को सामने से देखने पर बच्चों को जनसेवा, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्ध निस्तारण का वास्तविक महत्व समझ आता है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल से लेकर प्रशासन तक हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं। जिले के आला अधिकारी रहे मौजूद इस मौके पर मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) चंद्रेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) डॉ. राम जियावन मौर्य, अपर उपजिलाधिकारी (एएसडीएम) अखिलेश सिंह यादव एवं नम्रता सिंह समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा की जनता प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा कराये गये विकास कार्यों की सराहना कर रही

(बशीर अहमद)

पथरदेवा(देवरिया)-विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के विधायक सूर्य प्रताप शाही प्रदेश योगी सरकार में लगातार दूसरे बार वरिष्ठ कृषि मंत्री है जिनके प्रयास से विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के अन्तर्गत चार प्रमुख स्थानों को नगर पंचायत का दर्जा दिलाकर लगभग चालीस ग्राम पंचायतों में सरकार के योजनाओं के मुताबिक विकास कराकर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष को खुली रूप से चुनौती दिया है। हम आप को बता दे कि प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बीते 2017 विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतों से चुनाव जीते और प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ योगी सरकार बनी और सूर्य प्रताप शाही प्रदेश के वरिष्ठ कृषि मंत्री बनकर विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य कराने का कार्य किया जिसके परिणाम स्वरूप जब 2022 विधानसभा का चुनाव आया तो प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों को देखते हुए जनता दूसरे बार भी विजयश्री श्री शाही को दिलाने का कार्य किया और दूसरे बार भी प्रदेश में लगातार पूर्ण बहुमत के साथ योगी सरकार बनी। 2027 विधानसभा का चुनाव शीघ्र ही आने वाला है जिसको देखते हुए प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे है साथ में उनके सुपुत्र विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही जो लगातार दो बार प्रमुख बनकर क्षेत्र में विकास कार्यों को धरातल पर रखने का कार्य किये है। दस वर्षो के श्री शाही के द्वारा विकास कार्यों को क्षेत्र में कराने की चर्चा जोरों पर है यदि विकास कार्यों की गणना की जाये तो हजारों तरह के विकास कार्य हुआ है। ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही सरल,स्वभाव,व्यक्तित्व के धनी है जिनसे हर व्यक्ति अपनी बात कह लेता है और प्रमुख सुब्रत शाही अपने स्तर से जहां तक सम्भव होता है निदान भी करने का प्रयास करते है। प्रदेश कृषि मंत्री के द्वारा विगत कई वर्षो से प्रत्येक 18 अक्टूबर को भूतपूर्व विद्युत मंत्री स्व.रवीन्द्र किशोर शाही की दो दिवसीय किसान मेला के साथ ही श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होता है जिसमें हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्रीय जनता उपस्थित होकर खासतौर से किसान मेले में उपस्थित होकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेते है।



जिले में 15 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू, परीक्षा केंद्रों के 300 मीटर दायरे में कैफे बंद

देवरिया। आगामी त्योहारों और प्रतियोगी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा (धारा 144) की मियाद 15 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। एडीएम (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने तत्काल प्रभाव से नया आदेश लागू कर दिया है। आदेश के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित प्रयोग, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, छतों पर ईंट-पत्थर एकत्र करने, महापंचायत बुलाने और बिना अनुमति असलहा लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान केंद्रों के 200 से 300 मीटर के दायरे में साइबर कैफे और फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेंगी। केंद्र के 100 मीटर के भीतर पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। आदेश की अवहेलना पर बीएनएस की धारा 223 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

♦ एडीएम प्रशासन ने धारा 163 के तहत जारी किया आदेश, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर होगी सख्त कार्रवाई

सहोदया सोलो डांस: 'रील टू रियल' थीम पर थिरके कदम, स्कॉलर्स स्कूल की अनन्या रहीं अव्वल

देवरिया। स्कॉलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में सहोदया इंटर स्कूल सोलो डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। %रील टू रियल% थीम पर आयोजित इस एकल नृत्य प्रतियोगिता में जनपद और आसपास के लगभग 15 से 20 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बीच स्कॉलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10 %अ% की छात्रा अनन्या तिवारी ने अपने सधे हुए कदमों और भावपूर्ण प्रस्तुति से पहला स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया की आभासी दुनिया और वास्तविक जीवन के मानवीय मूल्यों के द्वंद्व को ताल, लय और भाव-भंगिमाओं के जरिए मंच पर जीवंत किया।निर्णायकों ने परखी तकनीकी बारीकियां प्रतियोगिता में कथक विशेषज्ञ मितुल शर्मा और सेमी-क्लासिकल विशेषज्ञ कुमारी रुक्मिणी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने तकनीकी बारीकियों, भाव-प्रवणता और थीम के प्रभावी प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन करते हुए अनन्या की ऊर्जा और अभिव्यक्ति की सराहना की तथा उन्हें सर्वसम्मति से प्रथम पुरस्कार का विजेता घोषित किया। ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य ने अनन्या को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अकादमिक के साथ सांस्कृतिक मंचों पर ऐसी उपलब्धियां विद्यार्थियों के समग्र विकास को दर्शाती हैं। इस दौरान निर्णायकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के मार्गदर्शक शिक्षक, छात्र-छात्राएं व विद्यालय परिवार मौजूद रहा।





किसानों को भाएगी मसाला खेती, 91 किसानों को बांटे गए प्याज व लहसुन के बीज

देवरिया। कम जोत में किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग ने मसाला फसलों की खेती को बढ़ावा देने की मुहिम शुरू की है। राजकीय पौधशाला भुजौली में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश चंद्र तिवारी ने प्याज और लहसुन के निःशुल्क बीज वितरण अभियान का शुभारंभ किया। पहले दिन सात ब्लॉकों के 91 किसानों को उन्नत बीज दिए गए। जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त ने बताया कि एनएचआरडीएफ (नासिक) से प्राप्त प्याज की एग्रीफाउंड लाइट रेड और लहसुन की यमुना सफेद-3 प्रजाति के बीज पंजीकृत किसानों को 16 बिस्वा क्षेत्र के लिए अनुदान पर दिए जा रहे हैं। पं. गिरीश चंद्र तिवारी ने किसानों से रबी सीजन में आधुनिक तरीके से मसाला उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनने और आय बढ़ाने का आह्वान किया।

♦ भुजौली पौधशाला में अभियान का आगाज, 16 बिस्वा तक मिल रहा शत-प्रतिशत अनुदान

सनबीम स्कूल में सजी रामलीला, बच्चों ने किया महिषासुर वध का सजीव मंचन

देवरिया। सनबीम स्कूल में नवरात्रि व दशहरा के उपलक्ष्य में रामलीला एवं दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अवनीश मिश्रा, उपनिदेशिका नीतू मिश्रा और प्रधानाचार्य अरविंद शुक्ला ने तुलसी बेदी पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में प्राथमिक अनुभाग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने धनुष भंग, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, सीता हरण, राम-रावण युद्ध और महिषासुर वध का मनोहारी मंचन किया। सिंह पर सवार मां दुर्गा की झांकी और 11वीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत धुनुची नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। प्रधानाचार्य अरविंद शुक्ला ने कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। संचालन शिक्षिका अर्पिता गौतम व सरोज द्विवेदी ने किया। इस दौरान शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।



बरहज में लगा पेंशन समाधान शिविर, 138 मामलों का मौके पर निस्तारण

देवरिया। तहसील सभागार बरहज में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख सुभाष और नोडल अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) राम जनम की मौजूदगी में 95 पात्र लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण-पत्र और सहायक उपकरण बांटे गए। शिविर में कुल 217 मामले सामने आए, जिनमें से 138 लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया और 79 नए आवेदन भरवाए गए। इसमें समाज कल्याण के 57, प्रोबेशन विभाग के 69 और दिव्यांगजन विभाग के 12 पुराने मामलों का समाधान हुआ। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री काशीपति शुक्ल ने कहा कि एक ही छत के नीचे समाधान मिलने से अब पात्रों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

संदिग्ध परिस्थिति में युवती का शव बन्द कमरे में बरामद

चौराखास(कुशीनगर)-स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बलियवां में रेखा चौहान(17),पुत्री कमलेश चौहान की बन्द कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद घटना पर से पर्दा उठेगा।

37वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में काशी प्रांत रहा ओवरऑल चैंपियन

देवरिया। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश की 37वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में काशी नगरीय प्रांत ने 272 अंक हासिल कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब बरकरार रखा। गोरक्ष नगरीय प्रांत 244 अंकों के साथ दूसरे और कानपुर नगरीय 209 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। 12 से 16 अक्टूबर तक जिला स्टेडियम और पुलिस लाइन क्रीड़ांगन में हुई प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 49 जिलों के 500 से अधिक बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। काशी प्रांत ने 33 स्वर्ण, 20 रजत और 19 कांस्य पदक जीते, जबकि गोरक्ष प्रांत ने 25 स्वर्ण, 21 रजत और 25 कांस्य पदक हासिल किए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि खेलों से शारीरिक दृढ़ता, स्वस्थ शरीर और अनुशासित युवाओं का निर्माण होता है। मजबूत राष्ट्र के लिए मजबूत नागरिक शक्ति जरूरी है। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गोरक्ष नगरीय के अथर्व श्रीवास्तव, मनीष यादव और सोनाक्षी ने तीन-तीन स्वर्ण पदक जीतकर संयुक्त चैंपियन का खिताब हासिल किया। कानपुर की नैंशी राजपूत ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीतकर सबसे तेज धाविका का खिताब पाया। समारोह में एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह सहित कई अतिथि मौजूद रहे। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। 38वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की मेजबानी अवध नगरीय प्रांत को सौंपी गई।



चाय-पकौड़े बेचने वाले भाई-बहनों का यूपी पुलिस में चयन

सलेमपुर (देवरिया)। इलाके के भागलपुर निवासी एक ही परिवार के दो युवाओं ने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित होकर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रामकिशन के बेटे विशाल और काशीनाथ गोड़ की बेटी प्रीति ने पुलिस भर्ती परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। दोनों ने यह सफलता एक ही बार के प्रयास में हासिल की। उन्होंने साबित कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से प्रयास किया जाए तो सफलता को कोई रोक नहीं सकता। इनके परिवारों की आजीविका चाय-पकौड़े की छोटी सी दुकान से चलती है। पुलिस में चयनित प्रीति की मां का कुछ वर्ष पहले निधन हो गया था। इसके बाद उसने घर के कामकाज और पिता की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी संभाली, लेकिन अपनी पढ़ाई से ध्यान नहीं हटने दिया। उसने अपने चचेरे भाई विशाल के साथ मेहनत की और पुलिस में शामिल होने का अपना सपना पूरा किया। पुलिस में चयनित विशाल ने कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई भागलपुर स्थित %गोल्डन लाइफ चिल्ड्रेन एकेडमी से की और 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा बीजीएम इंटर कॉलेज से पूरी की। वर्तमान में विशाल और प्रीति दोनों स्नातक हैं। दोनों की इस सफलता पर क्षेत्र के लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं और कह रहे हैं कि लक्ष्य तय कर उसके पीछे लग जाए तो कोई भी काम मुश्किल नहीं।



अज्ञात वाहन की टक्कर से पूर्व सैनिक की मौत

सलेमपुर (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे एक सड़क हादसे में पूर्व सैनिक रामाश्रय यादव (50) की मौत हो गई। बिगही गांव के सामने एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। रामाश्रय यादव परशुराम धाम, पिपरा नाजिर, वार्ड नंबर 12 के रहने वाले थे। वे भारतीय सेना से रिटायर होने के बाद देवरिया मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा गार्ड के पद पर काम कर रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया है। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है। रामाश्रय यादव की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



स्व. रवींद्र किशोर शाही की 44वीं पुण्यतिथि पर पथरदेवा में सजेगा दो दिवसीय कृषि मेला

पथरदेवा (देवरिया)। भारतीय जनसंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री स्व. रवींद्र किशोर शाही की 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पथरदेवा स्थित आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के प्रांगण में दो दिवसीय विशाल कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। 17 एवं 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के संयोजन में आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर होंगे। वह शनिवार 17 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर किसानों को संबोधित करेंगे तथा श्रद्धांजलि सभा में स्व. शाही के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगे।दो दिवसीय मेले में किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज और कृषि यंत्रों की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही आमजन की सुविधा के लिए वृहद स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन होगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श व दवाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम को लेकर ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही, मंडल अध्यक्ष हरीश शाही (पथरदेवा), दुष्यंत राव (तरकुलवा), उमापति सिंह (देसही देवरिया), विजय पांडेय सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के किसानों व नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

♦ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर होंगे मुख्य अतिथि, स्वास्थ्य शिविर का भी होगा आयोजन ♦ आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में 17 और 18 अक्टूबर को होगा भव्य कार्यक्रम

शिक्षक निर्वाचन: पीठासीन अधिकारियों को मिला कड़ा प्रशिक्षण, दो गैरहाजिर

देवरिया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 की तैयारियों के तहत विकास भवन के गांधी सभागार में पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का पहला प्रशिक्षण संपन्न हुआ। सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने कार्मिकों को निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचिता के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर ज्ञानेश यादव और शैलेश तिवारी ने मतपेटी सील करने, मतपत्र लेखा तैयार करने और निर्वाचन डायरी भरने का व्यावहारिक अभ्यास कराया। वहीं प्रशिक्षण से नदारद रहे सहायक अभियंता संजय कुमार ने लखनऊ में विभागीय प्रशिक्षण और सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी राजेश कुमार गौड़ ने महराजगंज तबादला होने की जानकारी दी।

भाजपा नेताओं ने ध्रुव कुमार त्रिपाठी के पक्ष में किया संपर्क

भाटपार रानी देवरिया। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के समर्थन में क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा एवं भाजपा जिला महामंत्री अजय कुमार दुबे जिला मंत्री डॉ भानु प्रताप सिंह ने भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतसिया कोठी, राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज पकड़ी बाबू, सर्वोदय इंटर कॉलेज बखरी बाजार, इंटरमीडिएट कॉलेज खामपार में शिक्षकों से जनसंपर्क किया।इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से संवाद कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षकों की समस्याओं, उनके सम्मान तथा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास आवश्यक हैं।जनसंपर्क के दौरान भाजपा जिला महामंत्री ने शिक्षकों से आगामी शिक्षक निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हितों और उनकी अपेक्षाओं को प्राथमिकता देना आवश्यक है।इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षकों एवं अन्य संबंधित लोगों से मुलाकात कर चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान को गति देने की बात कही। संपर्क के दौरान विधानसभा संयोजक के के सिंन्हा,मंडल प्रभारी सुरेश तिवारी, मंडल प्रवासी सुरेंद्र सिंह दुनदुन,मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय उपस्थित थे।



छात्राएं पुलिस हेल्पलाइन योजना का लाभ ले-डा.स्वतंत्र यादव

पथरदेवा(देवरिया)-शहीद रामचन्द्र इण्टरमीडिएट कालेज बसन्तपुरधूसी तरकुलवा,देवरिया में मिशन शक्ति-2 अभियान के अन्तर्गत कीर्ति शर्मा ने महिला सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस उपनिरीक्षक सुरेन्द्र बहादुर सिंह,महिला कांस्टेबल कीर्ति शर्मा,अंकिता सिंह,जायत्री कुमारी और जितेन्द्र कुमार द्वारा 1090 वूमेन पावर लाइन 181 विमेन हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन 108,एम्बुलेंस सेवा 102,गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्प लाइन 101,अग्नि सामान सेवा 112,पुलिस आपात कालीन सेवा 1930,साईबर हेल्प लाइन के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। प्रधानाचार्य डा.स्वतंत्र यादव ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों द्वारा दी गयी जानकारी महत्वपूर्ण है सभी इसे गम्भीरता से ले और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र,छात्राओं के साथ ही शिक्षक/शिक्षिकाए उपस्थित रहे।



विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.स्वतंत्र यादव के अनुसार महिला कांस्टेबल

पथरदेवा में 17 से लगेगा दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला

देवरिया। कृषि सूचना तंत्र योजना के तहत 17 और 18 अक्टूबर को आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा में दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, सिंचाई और विद्युत समेत कई विभागों के स्टॉल लगेंगे। मेले में कृषि यंत्रों की भव्य प्रदर्शनी, पशु आरोग्य मेला और स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान करेंगे और कम लागत में बेहतर पैदावार की तकनीक बताएंगे। उप कृषि निदेशक ने जिले के किसानों से मेले में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

रास्ता साफ होने से खुशी की लहर

खुखुन्दू (देवरिया)। स्थानीय ग्राम पंचायत के फरदहांबारी टोल से साधन सहकारी समिति तक जाने वाला लगभग 200 मीटर लंबा रास्ता पिछले कुछ समय से झाड़ियों और जंगलों में तब्दील हो गया था। इस रास्ते पर भारी झाड़-झंखाड़ उग आने के कारण राहगीरों और स्थानीय नागरिकों में हमेशा नीलगायों और जहरीले सांपों के हमले का भारी खतरा बना रहता था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत सदस्यों मीना भारती और हाजरा खातून ने ग्राम प्रशासक संगीता देवी के समक्ष इस मार्ग की सफाई कराने का पुरजोर प्रस्ताव रखा।

मामले की गंभीरता को समझते हुए ग्राम पंचायत प्रशासक संगीता देवी के प्रतिनिधि जयराम प्रसाद ने इस मार्ग की साफ-सफाई करवाने की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। उनके इस सराहनीय कदम के बाद ग्राम पंचायत प्रशासन ने क्षेत्र में सफाई अभियान को तेज कर दिया।साधन सहकारी समिति के ठीक सामने थाने की तरफ से आने वाली आरसीसी सड़क का यह हिस्सा बेहद महत्वपूर्ण है। इस मोड़ पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के आपस में टकराने की आशंका बनी रहती थी। इस रास्ते से रोजाना हजारों छात्र-छात्राएं साइकिल से स्कूल-कॉलेज आते-जाते हैं, वहीं दोपहिया वाहन चालक भी बड़ी संख्या में गुजरते हैं। सड़क पर फैली घनी झाड़ियों के कारण यह एक %अंधा मोड़% (ब्लाइंड टर्न) बन गया था, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया था।



अब आंगनवाड़ी कार्यकत्री और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से इस सड़क की पूरी तरह से साफ-सफाई करा दी गई है। रास्ता साफ होने के बाद से राहगीर अब बिना किसी डर के फर्राटे से अपनी गाड़ियां चला रहे हैं और राहत की सांस ले रहे हैं। मार्ग के सुगम और सुरक्षित होने से आम जनता में काफी खुशी का माहौल है।

इस उल्लेखनीय कार्य के लिए ग्राम पंचायत सदस्य मीना भारती और हाजरा खातून ने ग्राम पंचायत प्रशासन के प्रतिनिधि जयराम प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा

सुभाषित

अपने जीवनका अंत कर देनेमें कोई अच्छाई नहीं होती, सुख और आनन्दका रास्ता जीवनसे ही निकलता है। ❑ **ओशो**

संसदका विशेष सत्र

केन्द्र सरकार अब संसदका विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीमें जुट गयी है। ऐसे संकेत मिले हैं कि अक्तूबरके अन्तिम सप्ताहमें यह सत्र बुलाया जा रहा है। संसदका मानसून सत्र १३ अगस्तको समाप्त हुआ था लेकिन अबतक सत्रावसान नहीं हुआ है। सत्र बुलानेकी सूचना एक सप्ताह पहले ही देनेकी परम्परा है। लोकसभा सीटें बढ़ाने और परिसीमन बिलसे सम्बन्धित बिल पेश करनेका अनुमान है। इसके माध्यमसे महिला आरक्षण लागू किया जायगा। संविधान (१३१वां संशोधन) विधेयक, २०२६ में लोकसभाकी सीटें ८५० करनेका प्रस्ताव है। राज्योंसे ८१५ और केन्द्रशासित प्रदेशसे ३५ सीटें हो सकती हैं। इसके साथ ही परिसीमन (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी पेश किया जा सकता है। परिसीमनके लिए 'जनसंख्या' की परिभाषामें परिवर्तन किया जायगा। २०११ की जनगणनाको आधार बनाया जायगा। इसके अतिरिक्त केन्द्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी है। यह विधेयक पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीरके कानूनोंमें संशोधन करता है, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लागू हो सके। भाजपाके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (राजग) के पक्षमें दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है लेकिन राजग अभी इससे दूर है। लोकसभामें २० और राज्यसभामें नौ सांसदोंकी जरूरत है। लोकसभामें ५४३ सांसद हैं। तीन सीटें खाली हैं। इनमें राजगके ३१८ सांसद हैं। बिलको पास करानेके लिए लोकसभामें ३६० वोटकी आवश्यकता है। यदि द्रमुकके २२ सांसद बिलका समर्थन करते हैं तो बिलके समर्थनमें ३४० सांसद हो जायंगे। इसके बाद भी भाजपाको लगभग बीस सांसदोंकी जरूरत है। इसी प्रकार राज्यसभामें २४५ सीटें हैं। तीन खाली हैं। इनमें राजगके १५३ सांसद हैं। बिल पास करानेके लिए १६२ सांसद चाहिए। राजगको छोटी पार्टियोंके नौ सांसदोंकी जरूरत पड़ेगी। मानसून सत्रकी अन्तिम बैठक १३ अगस्तको हुई थी। दोनों सदनोंकी बिना सत्रावसानके यह अबतककी सबसे लम्बी अवधि है। इसके पूर्व १९८९ में दोनों सदन ६३ दिनतक ऐसी ही स्थितिमें रहे। संसदके विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीको लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। विपक्ष इसे हंगामे वाला सत्र बनानेकी तैयारीमें है। विशेष सत्र ऐसे समय हो रहा है जब मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफेकी मांगपर देशभरमें माहौल काफी गर्म है। संसद सत्रमें इस प्रकरणको भी विपक्ष अवश्य उठा सकता है। विपक्ष और भी कई मुद्दे उठानेकी रणनीति बना रहा है। सत्ता पक्षकी ओरसे भी पूरी तैयारी की जा रही है। सत्तापक्ष यदि दो-तिहाई बहुमत जुटानेमें सफल रहता है तभी बिल पास हो पायंगे।

अवैध पटाखोंका कारोबार

उत्तर प्रदेशके वाराणसीमें सारनाथ क्षेत्रके पैगम्बरपुरमें गुरुवारको अवैध रूपसे पटाखा बनानेके दौरान हुए भीषण विस्फोटमें तीन मंजिला मकान पूरी तरह ढह गया। इस हादसेमें पटाखा कारोबारी मकान मालिककी ३८ वर्षीय पत्नी गम्भीर रूपसे झुलस गयी जबकि उसका १३ वर्षीय पुत्र मलबेमें दबनेसे घायल हो गया। दोनोंको मण्डलीय अस्पतालमें भर्ती कराया गया है। यह मकान पटाखा कारोबारी राजू खानकी पुस्तैनी है, जहां वह अपनी मां, पत्नी और एक पुत्र और पुत्रीके साथ रहता था। इस मकानमें कई पुश्तसे पटाखा बनानेका अवैध धंधा चल रहा था जिसकी जानकारी आसपासके लोगोंको बखूबी थी लेकिन पुलिस शायद अनभिज्ञ थी या अनभिज्ञ बनी हुई थी, यह तो जांचका विषय है लेकिन इतना तो तय है कि ऐसा हो नहीं सकता कि किसी थाना क्षेत्रमें अवैध कारोबार पुश्तोंसे हो रहा हो और स्थानीय पुलिसको इसकी खबरतक न हो। मकानमें विस्फोट शाम पांच बजे हुआ लेकिन जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक लगातार दो और धमाके हुए जिससे अफरा-तफरी मच गयी। विस्फोटकी भयंकरताका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि इस मकानसे सटे एक घरका अगला हिस्सा ढह गया और सात मकान क्षतिग्रस्त हो गये। हादसेके बाद मकान मालिक घायलोंको छोड़कर फरार हो गया जिसे देर रात सारनाथ पुलिसने सरायमोहना घाटके पाससे मुठभेड़के बाद गिरफ्तार कर लिया। घायलोंको लोगोंने मलबेसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मलबेमें किसी औरके दबे होनेकी आशंकासे पुलिसने दो घण्टे रेस्क्यू अभियान चलाया। राहतकी बात यह है कि और किसीके दबे होनेकी आशंका निर्मूल साबित हुई। पटाखोंका त्योहार दशहरा और दीपावलीके साथ शादी-विवाहकी तैयारियां भी जोरोंपर है। ऐसेमें अवैध पटाखोंकी निर्माणमें तेजी आयी है। गली-गलीमें अवैध तरीकोंसे पटाखोंका निर्माण हो रहा है। इस तरहकी अवैध पटाखोंका निर्माण उत्तर प्रदेशमें नहीं अन्य राज्योंमें भी हो रहा होगा जिसपर सख्त निगरानी रखनेकी जरूरत है वरना ऐसे और भी हादसोंसे इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस प्रशासनको चुस्त और निगरानी तंत्रको और मजबूत करना होगा, ताकि हादसेकी पुनरावृत्ति रोका जा सके।

लोक संवाद

देशमें बढ़ती महंगी

महोदय,-देशमें थोक महंगी फिर तेजीसे बढ़ी है। सितंबरमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगी दर बढ़कर ११.३९ फीसदीपर पहुंच गयी। अगस्तमें यह ९.९२ फीसदी थी। सरकारी आंकड़ोंके मुताबिक, यह २०२२-२३ की नयी श्रृंखलामें अबतकका सबसे ऊंचा स्तर है। खाने-पीनेकी चीजों, ईंधन और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें बढ़नेसे थोक महंगीमें यह तेजी आयी है। सितंबरमें सभी वस्तुओंका थोक मूल्य सूचकांक भी अगस्तके ११०.८ से बढ़कर ११२.५ हो गया। सितंबरमें खाद्य महंगी दर बढ़कर ८.१४ फीसदीपर पहुंच गयी, जो पिछले २१ महीनेका सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्तमें यह ५.६७ फीसदी थी। वहीं, प्राथमिक वस्तुओंकी महंगी दर अगस्तके ७.७६ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ८.६७ फीसदी हो गयी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। खनिजोंकी महंगी दर ८.२४ फीसदीसे बढ़कर ९.५१ फीसदी हो गयी। थोक महंगी बढ़नेकी एक बड़ी वजह कच्चे तेल और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें तेजी रही। सितंबरमें ईंधन और बिजलीकी महंगी दर बढ़कर २५.८५ फीसदी हो गयी। अगस्तमें यह २२.९३ फीसदी थी। सबसे ज्यादा तेजी कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें देखनेको मिली। इनकी महंगी दर अगस्तके ३४.४१ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ५७.३२ फीसदी हो गयी। इसी तरह कोयले और लिग्नाइटकी महंगी दर १.५७ फीसदीसे बढ़कर ९.३१ फीसदी पहुंच गयी। खनिज तेलकी महंगी दर भी ३८.४८ फीसदीसे बढ़कर ४०.०२ फीसदी हो गयी। सितंबरमें कारखानोंमें बनने वाले सामानकी महंगी दर बढ़कर ९.७६ फीसदी हो गयी, जबकि अगस्तमें यह ८.३७ फीसदी थी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। थोक महंगी सूचकांकमें इस श्रेणीकी हिस्सेदारी ६३.१ फीसदी है। इसलिए इसकी कीमतोंमें बदलावका कुल थोक महंगीपर बड़ा असर पड़ता है। कपड़े, तैयार परिधान, रसायन, धातुओं और बिजलीके उपकरणोंकी कीमतोंमें वृद्धि दर्ज की गयी। इसके अलावा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादोंकी महंगी दर बढ़कर चार फीसदी हो गयी। इससे पहले कई महीनोंतक इस श्रेणीमें कीमतोंमें गिरावट दर्ज की जा रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालयने सितंबरके लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आंकड़े भी जारी किये हैं। यह सूचकांक बताता है कि उत्पादकोंको अपने सामानके लिए मिलने वाली कीमतोंमें कितना बदलाव हुआ है। पीपीआई बढ़कर ११२.५ हो गया। इसके साथ ही पीपीआईपर आधारित महंगी दर अगस्तके ९.८१ फीसदीसे बढ़कर ११.३९ फीसदी पहुंच गयी। सितंबरके आंकड़ोंसे साफ है कि महंगीका दबाव सिर्फ खाने-पीनेकी चीजोंतक सीमित नहीं है। ईंधन, कच्चे माल और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें भी तेजीसे बढ़ रही हैं। इससे कम्पनियोंकी उत्पादन लागत बढ़ सकती है। यदि कम्पनियां बढ़ी हुई लागतका बोझ ग्राहकोंपर डालती हैं तो आने वाले समयमें खुदरा कीमतोंपर भी दबाव पड़ सकता है। -**शैलजा पाठक, वाया ईमेल।**

भारतीय प्रतिभाओंपर अमेरिकी निर्भरता

ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणा कर दी। यह ऐसा कदम है, जिसका प्रभाव शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंके साथ प्रमुख भारतीय आउटसोर्सिंग कम्पनियोंपर भी पड़ेगा। दलील है कि प्रौद्योगिकी उद्योग श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है।

❑ **दिनेश सिंह**

हालमें ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणापर दलील दी है कि प्रौद्योगिकी उद्योग अमेरिकी कामगारोंको कामपर रखनेसे बचनेके लिए रोजगार-आधारित श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है। नये प्रतिबंधोंसे बड़ी संख्यामें भारतीयों सहित सभी विदेशी प्रौद्योगिकी कामगारोंकी नियुक्तिपर प्रतिकूल प्रभाव पड़नेकी सम्भावना है, जिन्होंने ग्रीन कार्ड और अंततः नागरिकता अर्जित करनेके लिए एच१बी वीजाका उपयोग किया था। एकके बाद एक आये अमेरिकी राष्ट्रपतियोंने घरेलू राजनीतिक उद्देश्योंके लिए एच१बी वीजा कोटाको लटकाये रखा। वर्ष २००८ में राष्ट्रपति ओबामाने विदेशोंसे आउटसोर्सिंग करवाने वाली कम्पनियोंके लिए कर छूट समाप्त करनेकी घोषणा की थी। बादमें जो बाइडेनने भी ऐसा ही किया। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने सस्ते श्रमकी उपलब्धताका लाभ उठानेपर ज्यादा ध्यान दिया। सन् १९६० के दशक में, उन्होंने सेमीकंडक्टर विनिर्माणके साथ ऐसा किया, जो उस समय भारी श्रम-साध्य कार्य था। कालांतरमें उन्होंने सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगके मामलेमें यही किया। फेयरचाइल्ड सेमीकंडक्टर के अध्यक्ष रॉबर्ट नॉयसने विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करनेके उद्देश्यसे १९६० के दशकमें भारत आदि देशोंका दौरा किया।



भारतने इनकार किया तो वे हांगकांग चले गये। नॉयसने कुछ साल बाद इंटेलकी स्थापना की। अन्य अमेरिकी कम्पनियोंने इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटीग्रेटेड सर्किट विनिर्माणके लिए सिंगापुर, मलयेशिया और ताइवानको चुना, जिससे ये देश अगले दो दशकोंमें प्रौद्योगिकी विनिर्माणके केन्द्र बन गये। भारतने १९७० और १९८० के दशकमें मौका संभालते हुए अमेरिकी ग्राहकोंके लिए सेमीकंडक्टर डिजाइनए सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगमें काम करना शुरू किया।

अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्योगके साथ भारतका जुड़ाव कई पड़ावोंसे गुजरा है। इसकी शुरुआत छोटे पैमानेपर 'बॉडी शॉपिंग' से हुई, जिसमें भारतीय इंजीनियर अमेरिकी ग्राहकोंके लिए अल्पकालीन अनुबंधके आधारपर काम करते थे। वे काम पूरा होनेके बाद लौट आते थे। अगले चरणमें, यह एक ऑनसाइट मॉडलके रूपमें विकसित हुआ, जिसमें भारतीय कम्पनियोंने अपने उन श्रमिकोंको भेजा, जो दीर्घकालिक परियोजनाओंपर काम करते हुए अमेरिकी कम्पनियोंके कार्यबलका हिस्सा बने। जैसे-जैसे भारतीय कम्पनियोंने अपने ग्राहकोंका विश्वास हासिल किया और संचार प्रणालीके बुनियादी ढांचेमें सुधार हुआ, इस ऑनसाइट कामका कुछ हिस्सा भारतसे ऑफशोर मॉडलके रूपमें निष्पादित होना शुरू हो गया। जल्द ही अमेरिकी कम्पनियोंको अहसास हुआ कि अमेरिकामें भारतीयोंको बुलाकर कामपर रखने और भारतीय कम्पनियोंपर निर्भर रहनेके बजाय, क्यों न वे सीधे खुद भारतीयोंको कामपर रखें और भारतमें परिचालन स्थापित करें। यह और भी किफायती था। वर्ष १९९० के दशकके अंतमें माइक्रोसॉफ्टने शुरुआत की और कई अन्य तकनीकी कम्पनियोंने इसका अनुसरण किया। फिर बैंकों, बीमाकर्ताओं, लॉजिस्टिक्स कम्पनियों, एयरलाइंस, कानूनी फर्मों, वैश्विक परामर्श और ऑडिटिंग दिग्गजों तथा अन्य कम्पनियोंने भी ऐसा ही किया। आज वे सभी अपने अधिकांश बैकरूम संचालन या व्यावसायिक प्रक्रियाओंको बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, नोएडा आदिमें स्थानांतरित कर चुके हैं।

पिछले दो दशकोंमें इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास और उत्पाद विकासकी आउटसोर्सिंगके साथ-साथ आउटसोर्सिंग व्यवसाय और अधिक विविध होता गया। बड़े निगमोंने अपने कुछ मुख्य कार्योंको संभालनेके लिए भारतमें समर्पित इकाइयां स्थापित कीं। यह बदलाव लागत-बचतसे हटकर नवाचार, अनुसंधान और आईपी (बौद्धिक संपदा) निर्माणकी ओर बढ़ रहा था। आज लगभग हर फॉर्च्यून-५०० कम्पनीका बेंगलुरु या हैदराबादमें पूर्ण स्वामित्व वाला वैश्विक क्षमता केन्द्र (जीसीसी) है। वर्ष २०२५ में ऐसे केन्द्रोंकी संख्या २१०० से अधिक थी, जिनमें २३ लाख ६० हजार लोगोंको रोजगार मिला हुआ है। इससे लगभग सौ बिलियन अमेरिकी डालरका कारोबार होता है। प्रत्येक तकनीकी परिवर्तनमें मेनफ्रेमसे लेकर मिनी और माइक्रो कम्प्यूटर, इंटरनेट और डॉटकॉम, वाई२के, मोबाइल एवं सोशल मीडिया, क्लाउड और बिग डेटातक भारतीय प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब वे एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रोलआउट और विभिन्न क्षेत्रोंमें गहन तकनीकी तैनातीके क्षेत्रमें भी यही कर रही हैं तो प्रौद्योगिकी आउटसोर्सिंगकी प्रक्रिया अमेरिका और भारतमें गहराईसे जुड़ी है और अपरिवर्तनीय है। बड़ी तकनीकी कम्पनियोंको तेजीसे रोलआउट, वैश्विक सहायता, विस्तार और अन्य लाभोंके लिए भारतीय इंजीनियरों और तकनीकी प्रतिभाकी आवश्यकता है। वहीं, भारतीय कम्पनियोंको अपनी आय बनाये रखने, ऑपरेटिंग सिस्टम (विंडोज, ऐप्पल आईओएस, एंड्रॉइड) और विकासके लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चरतक पहुंचके लिए अमेरिकी व्यवसायकी आवश्यकता है।

पिछले कुछ वर्षोंमें, भारतीय इंजीनियरोंने अपने फायदे स्पष्ट रूपसे प्रदर्शित किये हैं, जैसे कि बड़ी संख्यामें उनकी उपलब्धता, जो कम्पनियोंको अपना आकार बढ़ानेमें सहायक है, अंग्रेजी भाषाका ज्ञान, विभिन्न कार्य वातावरणोंमें अनुकूलनशीलता और समस्या-समाधानका दृष्टिकोण। आउटसोर्सिंग व्यवसायके अलावा, सिलिकॉन वैलीका प्रौद्योगिकी पावरहाउस काफी हदतक भारत एवं अन्य आप्रवासियोंकी प्रतिभाओंसे चलाया जाता है। अमेरिकी विश्वविद्यालयोंसे लेकर प्रौद्योगिकी उद्योगतक, प्रतिभाका स्रोत इन्हीं छात्रोंसे भरा हुआ है। सिलिकॉन वैलीमें दर्जनों नवाचार भारतीय मूलके उद्यमियों द्वारा स्थापित या संचालित किये जा रहे हैं। बाजारका तर्क सरल है। तकनीकी व्यवसाय प्रतिभापर निर्भर होते हैं। यदि वीजा प्रतिबंध उन्हें अमेरिकामें भारतीय इंजीनियरोंको नियुक्त करनेकी अनुमति नहीं देंगे तो वे उनमेंसे अधिकको भारतमें नियुक्त करेंगे। लिहाजा भारतसे संचालित होने वाले जीसीसीकी संख्या बढ़ेगी। यदि अमेरिकाके अलावा अन्य बाजारोंमें अवसर पैदा होंगे तो भारतीय कार्यबल उसका लाभ उठायेगा। वे भारतमें रह सकते हैं और जो अमेरिकामें हैं, वे वापस लौट सकते हैं। यदि भारत में उनके लिए चुनौतीपूर्ण और आकर्षक अवसर पैदा होते हैं। सवाल है कि क्या भारतीय कम्पनियां पश्चिमी बाजारोंपर इतनी ही निर्भर बनी रहेंगी। भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था, जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें यह बदल गया है। नवाचारके लिए एक बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे कि उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायंगी। इस प्रक्रियामें, वर्षोंसे संचित आउटसोर्सिंग, उत्पाद विकास, आईपी निर्माण और अनुसंधानका अनुभव काम आयेगा। भारत इस संक्रमण कालसे गुजर रहा है।

भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें बदल गया है। नवाचारके लिए बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायेंगी।

चिकित्सा क्षेत्रमें बाजारीकरण

भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पिछले चार दशकोंमें बने नैतिक संकटका सामना कर रहा है। इसकी शुरुआत अस्पताल क्षेत्रमें कारपोरेट घरानोंके प्रवेशसे हुई और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, वेंचर कैपिटल एवं निजी निवेशसे इसने रफ्तार पकड़ी।

❑ **चंद्रकांत**

भारतीय निजी स्वास्थ्य सेवाके विकासने ऐसी व्यवस्थाएं बनायी हैं, जिनमें डाक्टरोंसे अस्पतालों, दवा कम्पनियों और संबंधित हितधारकोंके लिए मुनाफा कमानेकी अपेक्षा की जाती है। उपचार निर्णय, जो कि रोगीकी जरूरतसे निर्धारित होना चाहिए, उसपर व्यावसायिक प्रोत्साहनों और चिकित्साकरणका प्रभाव हावी हो गया है। इस परिवर्तनने डाक्टर-रोगी संबंधको बदल डाला। चिकित्सक अब मात्र स्वतंत्र पेशेवर नहीं रह गया जो रोगीके प्रति जवाबदेह हो। कई डाक्टर नैतिक बने हुए हैं और कई कारपोरेट अस्पताल भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं, तथापि प्रोत्साहन रूपी लालच पेशेवर आजादी कायम रखना मुश्किल कर देता है। मसलन कारपोरेट अस्पतालोंमें डाक्टरोंको वेतन तो मिलता है, लेकिन मालिकोंकी अपेक्षा होती है कि वे अधिकाधिक कमाई कर दिखायें, रोगी संख्या बढ़ायें, जांच, भर्ती और इलाज प्रक्रियाओंमें अधिक मुनाफा बनवायें। भारतमें स्वास्थ्य सेवाके कारपोरेटीकरणपर एक शोधमें उपार्जन लक्ष्य, डाक्टरी सलाहको अस्पताल भर्तीमें परिवर्तित करने या एक-दो दिन वाले इलाजको लम्बा खींचनेको दबाव बनाने और घटती स्वायत्तताको दर्ज किया है। ऐसे रंग-ढंगने अच्छे डाक्टरकी परिभाषा बदल दी है। जो चिकित्सक मरीजोंको नेक डाक्टरी सलाह देते हैं, बीमारीपर सावधानीभरा इंतजार करनेकी सलाह देते हैं या किसी महंगी प्रक्रियासे बचनेकी सलाह देते हैं, वे अधिक टेस्ट और उपचार करवाने वाले डाक्टरकी तुलनामें कम पैसा कमाते हैं। एक बार जब व्यावसायिक उत्पादकता कार्य क्षमताका पैमाना बन जाय तो नेक इरादे वाले डाक्टर भी मरीजोंके हितोंके विपरीत प्रोत्साहनोंके लालचमें फंस सकते हैं। कई चिकित्सकोंका इलाजके दाम तय करने, बिल बनाने या व्यावसायिक रणनीतिपर दखल नगण्य होता है, इसलिए विशेषज्ञता तो है लेकिन घटती स्वायत्तताके साथ।

दवा उत्पादन उद्योगमें भी इसी किस्मकी चिन्ताएं उपजी हैं। कम्पनियां उत्तरोतर ऐसी रणनीतियों अपना रही हैं जिनसे बाजारीकरण और नेक चिकित्सा शिक्षाके बीच भेद करना मुश्किल हो रहा है। सम्मेलन, सलाहकार बोर्ड, वक्ता कार्यक्रम और आतिथ्य सत्कार जैसे तरीकोंने इस लकीरको धुंधला कर रखा है। दवा उत्पादकोंके लिए बिक्री संबंधी संहितामें उपहार, यात्रा और आतिथ्य सत्कार जैसी सुविधाओंसे डाक्टरोंको प्रभावित करने संबंधी निर्देश हैं, फिर भी यह गोरखधंधा सूक्ष्म तरीकोंसे काम करता है। अस्पतालकी निजी दवा विक्रेता दुकानें इस इकोसिस्टमका उदाहरण हैं। कई अस्पताल चुनिंदा ब्रांडोंसे भरी आंतरिक फार्मेसियां संचालित करते हैं, डाक्टरोंको वहां रखी दवाएं ही लिखनेको कहा जाता है। इससे मरीजका क्रय चयन सीमित हो जाता है और हॉस्पिटलकी कमाई बढ़ जाती है। पिछले १८ महीनोंमें मोटापा कम करने वाली दवाओंकी बढ़ती मांग इस तनावको दिखाती है। जीएलपी-१ रिसेप्टर एगोनिस्ट और उनसे जुड़ी दवाओंका फायदा सहीमें चुने गये मरीजको हो सकता है। फिर भी, सम्मेलनों और मेडिकल प्रचार शिविरोंके जरिये की जाती इनकी आक्रामक मार्केटिंगपर सोचना जरूरी है। एक मेडिकल विशेषज्ञ ब्रांड एंबेसडर बननेकी बजाय सुबूतोंको समझने और व्याख्या करने वाला हो। उनकी भूमिका केवल यह बताना नहीं है कि दवा क्या कर सकती है, बल्कि यह बताना भी है कि किसे इसकी जरूरत नहीं है, क्या अनिश्चितताएं हैं, क्या-क्या बुरे असर और लागत है, कितने समयतक वास्तवमें इलाजकी जरूरत है और दवाके बिना कौनसे उपचार ढंगका महत्व कायम है। कारपोरेट स्वास्थ्य क्षेत्रमें दवाएं तेजीसे मुख्य भूमिकामें आ रही हैं। ये चिन्ताएं लम्बे समयसे चली आ रही हैं। २०१८ में समीरन नंदी, केशव देशिराजु और संजय नागराले स्वास्थ्य सेवा रक्षक या भक्षक। भारतमें स्वास्थ्य सेवाओंमें भ्रष्टाचार नामक पुस्तक संपादितकी थी। इसमें हितोंका टकराव, कारपोरेट अस्पतालोंके तौर-तरीके, दवा उत्पादक कम्पनियोंका प्रभाव, मेडिकल नियमन और व्यावसायिक नैतिकताकी जांच की गयी थी। आज भी इसकी प्रासंगिकता चिन्ताजनक है। चिकित्सा जगतने बार-बार इस समस्याकी शिनाख्त तो की, लेकिन सुधार सीमित ही रहा।

कमजोर नियमन मुख्य समस्या है। भारतमें डाक्टरोंके लिए नैतिकता संहिता और दवा उत्पादनकी मार्केटिंगका नियंत्रण करने वाले नियम हैं। रेफरल कमीशन, गलत प्रोत्साहन और व्यापारिक प्रभावोंके नाना तरीकोंपर रोक है। फिर भी, क्रियान्वयन एक समान नहीं और अक्सर काररवाई शिकायतों या घोटालोंके बाद होती है, न कि व्यवस्थित निगरानीके जरिये। जब क्रियान्वन ही अनिश्चित हो तो नैतिक संहिताका कोई खास मतलब नहीं। फिर भी, भारतमें हम दिखावेपर ज्यादा ध्यान देते हैं। २०२२ में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोगने मेडिकल पढ़ाई शुरू करने वाले छात्रोंके लिए नयी चरक शपथकी सिफारिश की। मकसद इसे नये चिकित्सकोंको ऐतिहासिक रूपसे दिलायी जाने वाली हिप्पोक्रेटिक शपथकी जगह लेना था। हालांकि दोनों सेवा एवं मरीजकी भलाईको चिकित्सा पेशेके केन्द्रमें रखती हैं। परन्तु शपथ तब दिखावा बनकर रह जाती है जब युवा डाक्टर ऐसी जगह ट्रेनिंग लेते हों जहां व्यापारिक ध्येय, हितोंका टकराव और गैर-जरूरी दखलका सामान्यीकरण हो चुका है। शपथसे ज्यादा अहम है कि क्या संस्थान चिकित्सकको सिद्धांतोंके अनुसार इलाज करने देते हैं। अन्य घटनाओंने भी इन दबावोंको बढ़ाया। देशमें विशेषज्ञता वाली चिकित्सा शिक्षा तेजीसे बढ़नेके मद्देनजर भारत खुदको मेडिकल टूरिज्मके मुकामके तौरपर रख रहा है। दोनोंके फायदे हैं, लेकिन इनसे अस्पताल नेटवर्ककी आर्थिक ताकत ज्यादा मजबूत हो सकती है। विशेषज्ञता वाले डाक्टर आधारभूत ढांचा, रोग पहचान तंत्र, मरीज प्रवाह और अपनी व्यावसायिक पहचानके लिए संस्थानोंपर निर्भर हो रहे हैं, जिससे क्लिनिक आधारित इलाजसे कमाईकी ताकत घट रही है।

मकसद पुराने दौरको बढ़िया बताकर पेश करना नहीं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रमें सदा ही धन, पदानुक्रम और हितोंका टकराव बना रहा है। न ही कारपोरेट अस्पताल और न ही दवा उत्पादक कम्पनियां अपने आपमें अनैतिक होती हैं। चिन्ता यह है कि स्वास्थ्य सेवाका मतलब अब ज्यादातर दवाएं, टेस्ट, सप्लीमेंट्स, प्रोसीजर और ज्यादा खर्च बन गया है। डाक्टर ऐसी चीजें सही ठहराने लगे हैं जिनकी बहुत ज्यादा जरूरत नहीं और मरीजोंको ऐसे इलाज भुगतने पड़ते हैं। अनिवार्य प्रश्न है कि क्या व्यापारिक लाभ चिकित्सकीय निर्णयोंके अधीन बने रहें या उनपर हावी होते जायं। चिकित्साका वजूद सर्वप्रथम मरीजके हितमें हो। पेशेवर आजादी, सही इलाज और जनताके भरोसेके लिए इस सिद्धांतको बनाये रखना जरूरी है। जब मरीजोंको शक हो जाय कि परीक्षणों, दवाकी पर्ची, इलाज प्रक्रियामें किसी औरके पास भेजने या उपचार क्रियाके पीछे छिपे आर्थिक मकसद हैं तो डाक्टरोंकी नैतिक साख कमजोर होती है और स्वास्थ्य देखभाल व्यापार बन जाता है। भारतीय चिकित्साके सामने संकट सिर्फ इलाजपर खर्चकी मात्राका नहीं, बल्कि इसका है कि चिकित्साका स्वरूप क्यासे क्या बनता जा रहा। भारतको एक ऐसे आधुनिक स्वास्थ्य तंत्रकी जरूरत है जिसमें पूंजी इलाज करनेमें लगे, तकनीक उपचारमें फैसले लेनेमें सहायक हो और संस्थान पेशेवर नैतिकतासे समझौता करनेके बजाय उसकी रक्षा करें। शपथका महत्व तभी होता है जब व्यवस्था उसे निभानेका मौका दे।

आत्मबोध

संस्कार

❑ **अनुज आचार्य**

संस्कार, संस्कृति और सभ्यता जीवनके तीन महत्वपूर्ण आधार हैं। संस्कार व्यक्तिको भीतरसे गढ़ते हैं, संस्कृति चेतनाको समाजतक पहुंचाती है और सभ्यता सामूहिक जीवनका बाहरी स्वरूप निर्मित करती है। संस्कारका मूल भाव है-मन, वचन और कर्मका परिष्कार। जब बालक अपने माता-पिता और गुरुजनोंका सम्मान करना सीखता है, सत्य बोलनेका प्रयास करता है, जरूरतमंदकी सहायता करता है, प्रकृतिके प्रति संवेदना रखता है और अपने कर्तव्यको ईमानदारीसे निभाता है, तब उसके भीतर संस्कारोंका निर्माण होता है। संस्कारकी सबसे बड़ी परीक्षा उस समय होती है जब व्यक्तिको देखने वाला कोई नहीं होता, फिर भी वह गलत रास्तेपर जानेसे स्वयंको रोक लेता है। यही भीतरकी जागरूकता संस्कारको केवल शिक्षासे अलग करके जीवन-मूल्य बनाती है। संस्कार जब व्यक्तिकी सीमाओंसे निकलकर परिवार, समाज और पीढ़ियोंके जीवनमें प्रवाहित होते हैं, तब संस्कृतिका निर्माण होता है। हमारी भाषा, साहित्य, लोकगीत, संगीत, कला, पर्व-उत्सव, पारिवारिक परम्पराएं, प्रकृतिके प्रति दृष्टिकोण, अतिथि-सत्कार, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चिंतन- ये सभी संस्कृतिके व्यापक स्वरूपको व्यक्त करते हैं। इसलिए संस्कृति किसी समाजकी केवल पहचान नहीं, उसकी सामूहिक चेतना भी है। भारतीय संस्कृतिकी विशेषता रही है कि उसने जीवनको भौतिक उपलब्धियोंके साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्योंसे जोड़कर देखा। वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिन: और प्रकृतिके प्रति सम्मान जैसे विचार मनुष्यको केवल अपने हिततक सीमित नहीं रखते, बल्कि उसे व्यापक जीवन-जगतसे जोड़ते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृतिमें धर्मका अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, सदाचार और लोकमंगलकी भावनासे भी जुड़ा रहा है। सभ्यताका संबंध मुख्यत: मनुष्यकी बाहरी और संस्थागत प्रगतिसे है। विज्ञान, तकनीक, परिवहन, संचार, भवन, सड़कें प्रशासन और आधुनिक संस्थाएं सभ्यताकी उपलब्धियोंको दर्शाती हैं। सभ्यता जीवनको सुविधाजनक बनाती है, लेकिन संस्कृति यह निर्धारित करती है कि उन सुविधाओंका उपयोग किस मानवीय उद्देश्यके लिए किया जाय। अत्याधुनिक साधन मनुष्यके हाथोंमें हों, लेकिन संवेदना और विवेकका अभाव हो तो विकास अधूरा रह जाता है। इसके विपरीत संस्कार और संस्कृतिसे जुड़ी आधुनिकता मानव कल्याणका प्रभावी माध्यम बन सकती है। संस्कार बीज हैं, संस्कृति उसका विकसित वृक्ष और सभ्यता उस वृक्षकी बाहरी छाया। बीज स्वस्थ होगा तो वृक्ष मजबूत होगा और वृक्ष मजबूत होगा तो उसके फल आने वाली पीढ़ियोंको मिलेंगे। इसलिए संस्कृतिकी रक्षा केवल बड़े आयोजनों और नारोंसे नहीं, बल्कि घर-परिवारके छोटे-छोटे आचरणोंसे होगी।

रुपयेमें गिरावट रोकनेके लिए कड़े कदम

❑ **आर.पी. सिंह**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत सप्ताह रुपयेको सहारा देनेके लिए कई उपायोंकी घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप डालरके मुकाबले रुपयेमें तेजी आयी। आरबीआई द्वारा घोषित उपायोंमें रुपयेसे जुड़े विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधोंके रद होनेके बाद उनकी दोबारा बुकिंगपर रोक लगाना शामिल है। यह रोक डिलिवरी वाले और बिना डिलिवरी दोनों तरहके अनुबंधोंपर लागू होगी। इसके अलावा जिन डीलरोंका आर्थिक हित डेरिवेटिवसे नहीं जुड़ा है, उनके लिए उसके जरिये विदेशी मुद्रा लेन-देन करनेकी सीमा दस करोड़ डालरसे घटाकर ५० लाख डालर कर दी गयी है। साथ ही अधिकृत डीलरोंको २० लाख डालरसे अधिकके सांकेतिक मूल्य वाले रुपयेसे जुड़े प्रत्येक विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधके लिए उसके रुपये मूल्यके २० फीसदीके बराबर राशि आरबीआईके पास नकदके रूपमें रखनी होगी। साथ ही आरबीआईने सार्वजनिक क्षेत्रकी तीन तेल विपणन कम्पनियोंकी विदेशी मुद्रा संबंधी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए एक विशेष विंडो खोलनेका फैसला किया है।

उम्मीद है कि डेरिवेटिव कारोबारपर अंकुश लगाने या उसकी लागत बढ़ानेसे सट्टेबाजी कम होगी और रुपयेपर कुछ दबाव घटेगा। हालांकि ये उपाय अधिकसे अधिक अस्थायी समाधान हैं और मूल समस्याका समाधान नहीं करेंगे। वास्तवमें इनसे विदेशी मुद्रा जोखिमसे बचावके लिए हेजिंग करने वाले वास्तविक कारोबारोंको नुकसान पहुंच सकता है। खबरोंके मुताबिक बैंकोंने इस संबंधमें अपनी आपत्तियां भी दर्ज करायी हैं। इसके अलावा तेल विपणन कम्पनियोंकी मांगको हटानेसे विदेशी मुद्रा बाजारपर दबाव कम हो सकता है लेकिन इससे किसी भी तरह उनकी विदेशी मुद्राकी वास्तविक जरूरत कम नहीं होगी। इसलिए मुद्रा बाजारको मिलने वाली राहतके अल्पकालिक ही रहनेकी सम्भावना है।

वास्तवमें रिजर्व बैंक रुपयेको सहारा देनेके लिए मुद्रा बाजारमें बड़े पैमानेपर हस्तक्षेप कर रहा है। रियायती स्वैप व्यवस्थाओंसे, जिनमें विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक), यानी एफसीएनआर (बी) जमाओंसे जुड़ी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं, विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ानेमें मदद मिली। ४ सितंबरको समाप्त सप्ताहमें यह रिकॉर्ड ७८५.७ अरब डालरके स्तरपर पहुंच गया। यद्यपि इसके बाद इसमें ५१ अरब डालरसे अधिककी गिरावट आ चुकी है। केन्द्रीय बैंककी घोषित नीति है कि वह रुपयेके किसी निश्चित स्तरको लक्ष्य नहीं बनाता और केवल अत्यधिक उतार-चढ़ावको नियंत्रित करनेके लिए हस्तक्षेप करता है। लेकिन ऐसा लगता है कि वह अन्य उद्देश्योंपर भी नजर रख रहा है।

यह रेखांकित करना जरूरी है कि भुगतान संतुलनपर पड़ने वाले दबावसे निबटना केवल केन्द्रीय बैंककी जिम्मेदारी नहीं है। भारतको चालू खाते और पूंजी खाते दोनोंपर दबावका सामना करना पड़ रहा है और यह दबाव ईरान युद्धसे पहले से ही मौजूद है।

पिछले दो वर्षोंमें भारतको भुगतान संतुलनमें घाटेका सामना करना पड़ा, जिसका एक कारण पूंजीका बाहर जाना था। इस वर्ष एफसीएनआर (बी) के तहत मजबूत पूंजी प्रवाहके कारण भुगतान संतुलनमें अधिशेष रहनेकी संभावना है। हालांकि एफसीएनआर (बी) से होने वाला पूंजी प्रवाह भी केवल अल्पकालिक राहत देगा। आरबीआईकी हालिया काररवाईसे संकेत मिलता है कि इससे भी उतनी मदद नहीं मिल रही है जितनी कई लोगोंने उम्मीद की थी। उपाय यही है कि रुपयेको कमजोर होने दिया जाय। हालांकि इससे स्थितिमें बुनियादी सुधार तभी होगा जब भारतीय निर्यातक कमजोर मुद्राका लाभ उठानेमें सक्षम हों। इसके लिए सरकारको शुल्कसे जुड़े सुधारों सहित जरूरी सुधार लागू करने होंगे। इसके अलावा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करनेके लिए अनुकूल परिस्थितियां भी तैयार करनी होंगी। खबरोंके अनुसार सरकार द्विपक्षीय निवेश संधिके ढांचेकी समीक्षा कर रही है लेकिन इस संबंधमें बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। मौजूदा स्थिति व्यापार और निवेश संबंधी सुधारोंको लागू करनेका एक अच्छा अवसर है। ये सुधार बाहरी क्षेत्रमें स्थिरता प्रदान करनेके साथ-साथ मध्यमसे दीर्घावधिमें उच्च आर्थिक वृद्धिको सहारा दे सकते हैं।

ग्राम चौपाल में डीएम ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। विकासखंड बढ़नी के औदही कलां स्थित नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' अभियान के तहत ग्राम चौपाल आयोजित हुई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल में जिलाधिकारी ने पुष्टाहार वितरण, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन, राशन, शौचालय निर्माण, कन्या सुमंगला और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को वंचित न रखा जाए। इसके लिए संबंधित विभाग जरूरत पड़ने पर सर्वे कर पात्र लोगों को लाभान्वित करें। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी ग्रामीणों से फीडबैक लिया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।



मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने महिलाओं से स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों का जरूरत पड़ने पर उपयोग करने और आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

इस दौरान सीएमओ डॉ. संजय कुमार दोहरे, एसडीएम रवीश कुमार गुप्ता, सीओ मयंक द्विवेदी, बीडीओ अनिशि मणि पांडेय सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे

मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

इटवा (सिद्धार्थनगर)। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना इटवा पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने मझौवा स्थित एमकेएस एकेडमी कॉलेज ऑफ साइंस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, बहू-बेटी सम्मेलन तथा नए कानूनों के संबंध में जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मिशन



शक्ति टीम ने महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112, महिला संबंधी सहायता के लिए 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लिए 1076, साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 और बाल सहायता के लिए 1098 पर संपर्क किया जा सकता है।

इसके अलावा एंबुलेंस सेवा के लिए 108 तथा स्वास्थ्य सेवा के लिए 102 हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में उचित माध्यम से शिकायत करने के लिए भी जागरूक किया।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक राजेंद्र शाही, उपनिरीक्षक नागेंद्र सिंह, महिला आरक्षी साधना यादव, रविता यादव, प्रज्ञा पटेल तथा आरक्षी रोहित यादव मौजूद रहे।

परिवहन निगम की बस से दबकर अबोध की मौत

मेंहदावल , संतकबीर नगर ! शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे मेंहदावल बस स्टेशन परिसर में परिवहन निगम की बस से अबोध बालक की दबकर मृत्यु हो जाने पर आक्रोशित परिजनों एवं वार्ड वासियों में पुलिस प्रशासन के विरुद्ध फूटा जन आक्रोश ! स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं लीडरों के समझाने के बाद भी आक्रोशित परिजन तथा वार्ड वासी उक्त स्थल पर धरना विरोध प्रदर्शन किया। तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन पर निडरता के साथ आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए महिलाएं आक्रोशित दिखी। उक्तों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पार्क तिराहा को घंटो जाम रखकर जमकर विरोध धरना दिया। पुलिस प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी आक्रोशितों की एक ही मांग आनंन फानन में पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई लाश को तत्काल लाया जाए ? तथा परिवहन निगम के बस चालक के विरुद्ध सख्त से सख्त दंडनातमक कार्रवाई की जाए ? समाचार लिखे जाने तक उक्तों का सडक जाम धरना प्रदर्शन उक्त स्थत पर जारी था !स मौका पर दो थानों की पुलिस, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, तहसीलदार सहित भारी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस क्रमी मौजूद रहे !

एग्रीज योजना से बढ़ेगी किसानों की उत्पादकता

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। उसका बाजार सिद्धार्थनगर ।जनपद के मिठवल क्षेत्र के सेहरी बुजुर्ग में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना एवं विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित यूपी एग्रीज योजना के अंतर्गत कृषक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में वरिष्ठ उप प्रबंधक कृषि नवीन सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की उत्पादकता बढ़ाना,खेती की लागत को कम करना और किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है। उन्होंने किसानों को क्लस्टर आधारित खेती और बाजार से जुड़ाव के फायदे भी समझाए। इस योजना से जुड़कर



किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। टेक्निकल एसोसिएट अविनाश कुमार मिश्रा एवं टेक्निकल एसोसिएट बिजनेस डेवलपमेंट प्रदीप कुमार सिंह ने किसानों को एग्रीज योजना के उद्देश्य एवं लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।टेक्निकल असिस्टेंट राजकुमार गौड ने किसानों को रबी सीजन को लेकर उन्नत बीज,संतुलित उर्वरक प्रबंधन,मृदा स्वास्थ्य एवं सरकारी अनुदान पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया ।किसानों ने योजना से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को रखा, जिसका अधिकारियों ने समाधान किया। अंत में किसानों ने योजना से जुड़कर लाभ लेने की सहमति जताई।

थाने से लौटेने के बाद टावर पर चढ़कर बैठी युवती: प्रेमी को बुलाने की जिद पर अड़ी

सिद्धार्थनगर। गुरुवार की सुबह युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती को टावर पर बैठा देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। युवती का कहना है कि जब तक युवक को मौके पर नहीं बुलाया जाएगा, वह टावर से नीचे नहीं उतरेगी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवती से बातचीत कर उसे सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश कर रही है। यह पूरा मामला डुमरियागंज थाना क्षेत्र का है। थाने से लौटने के बाद टावर पर चढ़ी युवती परिजनों ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। पुलिस पहले प्रेमी और प्रेमिका को थाने लेकर आई थी। वहां दोनों को समझाने-बुझाने के बाद वापस भेज दिया गया। इसके बाद युवती टावर पर चढ़ गई।

कार्यालय अधिशासी अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, बस्ती

पता-विकास भवन, तृतीय तल बस्ती

मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना (अति अल्पकालीन)

पत्रांक-1904/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्रावली/पत्रावली सं.../अनु.सहायक/2026-27 दिनांक 09-10-2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बस्ती के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में **ए.बी.सी.डी** श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से **मैन्यूवल विधि** के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित हैं, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. स्वीकृति एवं धन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा खुलने के उपरान्त धनराशि प्राप्त न होने की दशा में एक या समस्त निविदाये निरस्त की जा सकती है। इसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) कैश अथवा डी0डी0के रूप में	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित	अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय	डी0एम0 का कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड साउंघाट के ग्राम बनकसही में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
2	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड साउंघाट के ग्राम पकरी नासिर में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
3	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड साउंघाट के ग्राम खड़ौला में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
4	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड साउंघाट के ग्राम मलिकपुरवा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
5	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड साउंघाट के ग्राम शाहपुर में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
6	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड बनकटी के ग्राम हल्लौर नगरा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
7	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड बनकटी के ग्राम तुरकौलिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
8	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम कुसमौर में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
9	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम नौगढ़ में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
10	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बस्ती सदर के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम मिश्रौलिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
11	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम नरखोरिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
12	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम तुरकौलिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
13	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम करौता बरडीहा खास में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
14	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम शंकरपुर में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
15	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम छितिरगांवा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
16	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रूधौली के ग्राम कथकपुरवा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
17	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रूधौली के ग्राम हसनी में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
18	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड रूधौली के ग्राम हरदिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
19	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड सल्टौवा गोपालपुर के ग्राम ककरहिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
20	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र रूधौली के विकास खण्ड सल्टौवा गोपालपुर के ग्राम गौहनिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
21	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बनकटी के ग्राम पिपरा(खडौआ) में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
22	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम पाकरडांड रेहरवा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
23	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम मरवटिया बाबू में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
24	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम नगहरा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
25	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड कुदरहा के ग्राम बनहरा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.24	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
26	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड कुदरहा के ग्राम पाउं में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	6.87	0.14	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
27	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम सिसवारी बदन सिंह में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.28	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
28	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम खलीलपट्टी में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.25	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
29	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम उमरिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.30	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
30	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र महादेवा के विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम पिकौरा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.28	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
31	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड गौर के ग्राम कौलशिया में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.23	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
32	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड गौर के ग्राम मान्धाता में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
33	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड गौर के ग्राम कटया नौडीह में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
34	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड गौर के ग्राम मसही बलुआ चौबे में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
35	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड गौर के ग्राम चनईपुर मे अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.29	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
36	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम पोखरा(बनकटिया) में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.28	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
37	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम महुआ लखनपुर(भावपुर) में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.83	0.16	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
38	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम रमवापुर में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
39	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड दुबौलिया के ग्राम सिकटिहवा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.91	0.16	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
40	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र कप्तानगंज के विकास खण्ड परसरामपुर के ग्राम बेदीपुर में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.33	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
41	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड हरैया के ग्राम उभाई में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.21	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
42	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड हरैया के ग्राम खम्हरिया सुजात में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.23	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
43	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड विक्रमजोत के ग्राम चरथी कथित में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.13	0.15	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
44	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड विक्रमजोत के ग्राम शंकरपुर में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.28	0.15	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
45	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड दुबौलिया के ग्राम सेमरा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.28	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
46	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड दुबौलिया के ग्राम पूरे ओरीराय में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.10	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
47	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड दुबौलिया के ग्राम जोगहटा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.16	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
48	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम बिहरा में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.26	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
49	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड परसरामपुर के ग्राम बैठोलिया(अमौली) में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.04	0.15	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।
50	बस्ती	डा बी.0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र हरैया के विकास खण्ड परसरामपुर के ग्राम दुरूपुर(तल्हवापुर) में अम्बेडकर पार्क कां सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.28	0.17	300+500+144= 944	02 माह	अधी0अभि0 ग्रा0अ0वि0, परि0-बस्ती	जिलाधिकारी बस्ती।

3. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 21.10.2026
4. **निविदा बिक्री प्रारंभ की तिथि, समय व स्थान**- 21.10.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बस्ती, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-बस्ती एवं जिलाधिकारी जनपद-बस्ती पूर्वान्ह 11:00 बजे से ।
5. **निविदा बिक्री के लिये अन्तिम तिथि,समय व स्थान**- 22.10.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बस्ती,अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-बस्ती एवं जिलाधिकारी जनपद.-बस्ती अपरान्ह 4:00 बजे तक ।
6. **निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान**- 22.10.2026 को दोपहर 4:00 बजे तक कम सं0 4 पर अंकित स्थानों पर।
7. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान**- 23.10.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बस्ती अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार।
8. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी षपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बस्ती में सम्पर्क करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सम्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

अधिशासी अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
प्रखण्ड-बस्ती
श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से

उ.प्र. 258423/दिनांक 15-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

बस्ती। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने, पात्र नागरिकों के नाम शामिल करने तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरी की जाएगी।उन्होने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदेय स्थलों के युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया 02 नवंबर 2026 तक पूरी की जानी है। एकीकृत प्रारूप निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को होगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा अंतिम निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को निर्धारित है।बैठक में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण तथा नए



मतदेय स्थल स्थापित करने के लिए उपयुक्त भवनों को चिह्नित करने पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में 16 से 18 अक्टूबर तक मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। 19 अक्टूबर को आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्रकाशित करने के साथ उसकी प्रति मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 अक्टूबर को वर्तमान सांसद, विधानसभा सदस्यों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का निस्तारण करते हुए सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद 27 अक्टूबर को सभी आवश्यक संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सीआरओ कीर्ति प्रकाष भारती, उप जिलाधिकारी प्रदुम्न कुमार, हिमांषु कुमार, उमाकान्त तिवारी, शषीबिन्द, तहसीलदार विनय प्रभाकर, अभय राज पाल, रजनीष कुमार श्रीवास्तव, पंकज कुमार गुप्ता, अधिषासी अधिकारी नगरपंचायत, संबंधित निर्वाचन अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बस्ती की बेटी गतका खेल में राष्ट्रीय पटल पर दिखाएगी दम

हर्रैया(बस्ती)। एल डी मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी हर्रैया बस्ती की खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय विद्यालयीय गतका प्रतियोगिता में हुआ। खिलाड़ी के कोच गतका एसोसिएशन ऑफ बस्ती के महासचिव करूणेश मणि पाठक ने बताया कि विगत दिनों अयोध्या में आयोजित 70वीं प्रदेशीय विद्यालयीय गतका प्रतियोगिता में बस्ती मण्डल का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिकन्दरपुर में अध्ययनरत जन्नतुननिशा निशा पुत्री अशरफ अली ने पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्का किया था।

आगामी 23 से 28 अक्टूबर तक दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय गतका प्रतियोगिता में अण्डर 17 सिंगल सोटी बालिका वर्ग



में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर गतका एसोसिएशन ऑफ बस्ती की कार्यकारी अध्यक्ष सोनाली पाठक, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिकन्दरपुर की प्रधानाचार्या शबनम यादव, अर्जुन पंडित, अशोक शुक्ला, विनय कुमार, रजनीश मिश्रा, विरेन्द्रनाथ, श्रीमती शिखा सिंह, डॉ साधना मौर्या, महावीर सिंह, ओमप्रकाश शुक्ला, भानुप्रताप सिंह, कार्तिक गुप्ता, विशाल सोनकर, आयांश सिंह, करीम शेख, राजश्री मौर्या, मीरा वर्मा, दुर्गा प्रसाद तिवारी, धर्मेंद्र पाण्डेय आदि ने खिलाड़ी को शुभकामना दिया।

शांति भंग में एक का चालान

हर्रैया(बस्ती)। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक राम प्रकाश यादव एवं कांस्टेबल राजेश मौर्य ने कसानगंज थाना क्षेत्र के परिवारपुर निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र त्रिलोकी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। शांति भंग की धारा 170, 126, 135 बीएनएस के तहत चालान कर उप जिला अधिकारी न्यायालय हर्रैया के समक्ष पेश किया।

समाधान दिवस आज

बस्ती। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 अक्टूँबर 2026 शनिवार को 10 बजे से रूधौली तहसील में आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी एडीएम ज्ञान चन्द्र गुप्ता ने दी है। उन्होने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

नवाचार से निखरेगा शिक्षण, डायट में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

बस्ती। कक्षा शिक्षण को प्रभावी, रुचिकर और नवाचार आधारित बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को दो दिवसीय नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में कक्षा शिक्षण में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रयोग संबंधी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दोनों कार्यक्रमों का शुभारंभ डायट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक संजय कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि नवाचार और तकनीक के प्रभावी प्रयोग से कक्षा शिक्षण को अधिक सरल, रोचक और परिणामपरक बनाया जा सकता है। शिक्षकों को अपने सफल प्रयोग और बेहतर शिक्षण पद्धतियों को साझा करना चाहिए, ताकि उनका लाभ अन्य



विद्यालयों के बच्चों को भी मिल सके। समग्र शिक्षा एवं एससीईआरटी के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज से परिचित कराते हुए शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाना है। इससे पहले आयोजित आईसीटी प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के करीब 45 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में आईसीटी की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए टैबलेट का प्रभावी इस्तेमाल शिक्षण को सरल और रुचिकर बनाने में सहायक होगा। प्रतियोगिता के पुरुष संवर्ग में बस्ती सदर के राजेश कुमार चैधरी ने प्रथम, सल्टौआ के रजनीश ने द्वितीय और बहादुरपुर के अमरेंद्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला संवर्ग में जया सिंह प्रथम रहीं। निर्णायक मंडल में सरिता चैधरी, मो. इमरान खान और डॉ. गोविन्द प्रसाद शामिल रहे। इस अवसर पर प्रवक्ता वर्षा पटेल, डॉ. रविनाथ, अलीउद्दीन, कल्याण पांडेय आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय से गैस सिलेंडर व राशन चोरी

हर्रैया(बस्ती)। स्थानीय थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिठलापुर में गुरुवार देर रात चोरों ने स्टोर रूम का ताला काटकर गैस सिलेंडर व कुछ राशन चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सहायक अध्यापक ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अनुराग शर्मा ने शुक्रवार को थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बुधवार की देर रात में चोर विद्यालय के स्टोर घर का ताला तोड़कर कुछ राशन, गैस सिलेंडर उठा ले गए। सुबह जब रसोइया छब्बन, सुनीता, सत्यवती किचन का दरवाजा खोलने पहुंची तो ताले पर लगी कुंडी का निचला भाग कटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सिलेंडर व राशन गायब मिला। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की छानबीन किया। पीड़ित ने मामले में उचित कार्रवाई की मांग किया है।

शातिर चोर गिरफ्तार

हर्रैया(बस्ती)। प्रभारी निरीक्षक पेश किया। जहां से उसे न्यायालय संजय कुमार के नेतृत्व में भेज दिया गया।



उपनिरीक्षक दिनेश सिंह हेड कांस्टेबल दीप राज यादव एवं कांस्टेबल सौरव राठौर की टीम ने बभनान रोड से शातिर चोर कुश गिरी पुत्र राम पूजन गिरी निवासी थान्हा खास को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वह स्थानीय थाने में दर्ज अपराध संख्या 253/2026 धारा 305डी , 317(2) में वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष

शिक्षक समाज की नींव, उनके सम्मान से मजबूत होगा राष्ट्र- अजय सिंह

बस्ती।शिक्षक समाज की नींव हैं। उनके ज्ञान, संस्कार और समर्पण से ही भावी पीढ़ी का निर्माण होता है। शिक्षकों का सम्मान और सशक्तीकरण राष्ट्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह बातें हर्रैया विधायक अजय सिंह ने शुक्रवार को छावनी स्थित बीआरसी परिसर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई विक्रमजोत की ओर से आयोजित शिक्षक उन्नयन संगोष्ठी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में कहीं। विधायक ने कहा कि शिक्षकों के हितों और सम्मान को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।शिक्षकों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में भाजपा सरकार के दौरान शिक्षकों को पंचम वेतन आयोग का लाभ मिला था। विभागीय टीईटी के संबंध में उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार यह प्रक्रिया करा रही है। उन्होंने शिक्षकों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों के शैक्षिक विकास तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक शिवपूजन शुक्ल, शशिकला सिंह, आशा देवी, केशव राम यादव, चंद्र प्रकाश सिंह, लीलावती देवी, रामसूरत सिंह, सुभावती त्रिपाठी, शीला सिंह, सियाराम पाण्डेय, शीतला प्रसाद तिवारी और कमलेश तिवारी को सम्मानित किया गया। शिक्षकों के सेवाकाल में दिए गए योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में निभाई गई जिम्मेदारियों की सराहना की गई।



समाजसेवी यज्ञेश पाण्डेय और शैलेश पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक बच्चों को शिक्षित करने के साथ उनके चरित्र निर्माण और समाज को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह और जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा ने शिक्षक हितों, सम्मान और संगठन की भूमिका पर विचार रखे। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष संजीव सिंह ने अतिथियों, सम्मानित शिक्षकों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद ने की, जबकि संचालन विवेक कान्त पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर राजकुमार तिवारी, संतोष पाण्डेय, अश्वनी सिंह, समीउल्लाह अंसारी, अखिलेश पाण्डेय, बृजेश त्रिपाठी, नन्दलाल, सत्यप्रकाश कन्नौजिया, कृष्ण चन्द्र गौतम, विजय सेन, पीयूष मिश्र, सचिन पाण्डेय, शिवम शुक्ल, अनुपम सिंह, अचिंत पाण्डेय, विकास सिंह, हेमंत सिंह, अमित पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, पुष्पेन्द्र धर द्विवेदी, नृपेन्द्र पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किये जा रहे महिला, पुरुष

बस्ती। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बेरोजगार महिलाओं, पुरुषों को रोजगार देने के लिए कटिबध्य है।

जिसके तहत उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा 10 बैच दर्जी कारीगरी,दो बैच हलवाई ट्रेड में महिलाओं एवं पुरुषों को 16अक्टूबर से 10 दिवसीय प्रशिक्षण, शहर के नेक्टर मैरिज हाल बेलवा डाड़ी गांधीनगर में शुभारंभ किया गया।

जिसका उद्घाटन उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के वरिष्ठ लिपिक अनिल जी व कंप्यूटर ऑपरेटर हेमंत कुमार त्रिपाठी ने किया।

संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक श्रीवास्तव, पुष्पा यादव, ऋषि यादव महावीर सिंह ने किया। उद्घाटन के



दौरान प्रशिक्षण केंद्र संचालक दीपक यादव,शक्ति देव सिंह, अनीश गौड़ प्रशिक्षक चंद्र प्रकाश पांडे, प्रीति श्रीवास्तव, रीना धर्मेंद्र गौड़, अकबरी अंजुम, समाज सेवी समूह सखी माया देवी, अनीता देवी,वरिष्ठ पत्रकार रामविलास कसौधन सहित काफी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मिलेगा बढ़ावा, एसआरएस ट्रेडर्स के हेड ऑफिस का उद्घाटन

बस्ती। केन्द्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसआरएस ट्रेडर्स, उत्तर प्रदेश, नेडा द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यालय के हेड ऑफिस का नगर बाजार में भव्य उद्घाटन किया गया।कार्यालय का उद्घाटन संतराम शास्त्री और समाजसेवी के.पी. राठौड़ ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इसे महत्वपूर्ण पहल बताया। उद्घाटन के दौरान संतराम शास्त्री और के.पी. राठौड़ ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बिजली की बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने



और बिजली के खर्च को कम करने में मदद मिल सकती है।एसआरएस ट्रेडर्स के प्रोपराइटर जयप्रकाश शास्त्री और गुलशन कुमार ने बताया कि इच्छुक उपभोक्ता मात्र शून्य रुपये में रजिस्ट्रेशन करवाकर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट लगवाने के लिए विभिन्न बैंकों के माध्यम से आसान ईएमआई पर फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि 2 किलोवाट (केडब्ल्यू) का सोलर प्लांट लगभग 1,000 रुपये की मासिक ईएमआई पर लगवाने की सुविधा उपलब्ध होने की बात कही गई है।इससे उपभोक्ताओं को बिजली बिल में दो-तिहाई तक की बचत करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने लोगों से सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक होने और योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर गिरिजेश कुमार, अशोक कुमार, सुशील कुमार, अनूप कुमार एडवोकेट, दुर्गेश कुमार, अवनीश कुमार, सोमनाथ और डॉ. राजकुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किया निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी नेता रुधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने बस्ती से डुमरियागंज होते हुए पीलीभीत को जोड़ने वाले मार्ग पर निर्माण कार्य में देरी और सड़क हादसों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। उन्होंने मार्ग पर हुई दुर्घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने, हादसों में जान गंवाने वालों के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में पूर्व विधायक ने कहा है कि मार्ग पर चैड़ीकरण और निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। इस रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन और राहगीर गुजरते हैं। इसके बावजूद निर्माण कार्य में देरी और निर्माणाधीन सड़क पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना



हुआ है। भेजे पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि सड़क पर बिखरी निर्माण सामग्री, अधूरी खुदाई, बैरिकेडिंग की कमी और रात में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने जैसी समस्याओं से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को आर्थिक संकट से बचाने के लिए उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाया जाए।संजय प्रताप जायसवाल ने मांग किया है कि निर्माण कार्यों की तकनीकी और प्रशासनिक जांच स्वतंत्र उच्चस्तरीय टीम से कराई जाए। सड़क निर्माण में इस्तेमाल सामग्री, निर्धारित मानकों, टेंडर प्रक्रिया, ठेकेदार की जिम्मेदारी और भुगतान संबंधी अभिलेखों की भी जांच हो। यदि जांच में लापरवाही या मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।उन्होंने निर्माण कार्य समय से पूरा नहीं होने के कारणों की भी जांच कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग की। इसके साथ ही निर्माणाधीन मार्ग पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, रात्रिकालीन प्रकाश और सुरक्षित डायवर्जन की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कराने का आग्रह किया।पूर्व विधायक ने संजय प्रताप जायसवाल ने पत्र में कहा है कि सड़क निर्माण के दौरान लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हादसों में जान गंवाने वालों के परिजनों को मुआवजा दिलाने, दुर्घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराने और भविष्य में ऐसे हादसों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाना जरूरी है।

सभी मदिरालय २० अक्तूबर को बंद रहेंगे

बस्ती। नवरात्र एवं दशहरा पर्व समाप्ति के उपरान्त दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थित समस्त थोक व फुटकर अनुज्ञापन-देशी शराब कम्पोजिट शॉप् माडल शॉप तथा ताड़ी एवं समस्त बार अनुज्ञापनों को आगामी 20 अक्टूँबर 2026 को दषहरा के दिन मूर्ति विसर्जन के समय तथा शहरी क्षेत्र, नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र रूधौली तथा अन्य क्षेत्रों में स्थित समस्त थोक व फुटकर अनुज्ञापन-देशी शराब कम्पोजिट शॉप् माडल शॉप तथा ताड़ी एवं समस्त बार अनुज्ञापनों को आगामी 25 अक्टूँबर 2026 पूर्णिमा के दिन मूर्ति विसर्जन के कारण मूर्ति विसर्जन के समय पूर्णतः बंदी का आदेश दिया है। उक्त आदेश जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने दिया हैं।

मतदान के अवसर पर २३ को बंद रहेंगे मदिरालय

बस्ती। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक का मतदान के अवसर पर निर्धारित तिथि 23 अक्टूँबर 2026 को लोक शान्ति बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक मतदान कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में स्थित समस्त थोक व फुटकर अनुज्ञापन देशी शराब कम्पोजिट शॉप् मॉडल शाप ताड़ी एवं समस्त बार अनुज्ञापनों को आगामी 23 अक्टूँबर 2026 को पूर्णतः बन्द रखने का आदेश देती हूँ। उक्त आदेश जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने दिया हैं।

सुरक्षित सर्जरी की अहम कड़ी है एनेस्थीसिया, ओपेक चिकित्सालय में मरीजों को किया जागरूक

बस्ती। महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती से संबद्ध ओपेक चिकित्सालय कैली, बस्ती में शुक्रवार को श्विश्व एनेस्थीसिया दिवसश् के अवसर पर एनेस्थीसिया विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'ठमवितम, क्नतपदह दक ठमलवदक' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार, उप-प्रधानाचार्य डॉ. अनिल यादव और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. समीर श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में एनेस्थीसिया की महत्ता, मरीजों की सुरक्षा और बेहतर दर्द प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि एनेस्थीसिया आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी भूमिका केवल मरीज को बेहोश करने तक सीमित नहीं है, बल्कि ऑपरेशन के दौरान मरीज के महत्वपूर्ण शारीरिक मानकों की निगरानी, दर्द को नियंत्रित करने, आपात स्थिति में जीवनरक्षक देखभाल और ऑपरेशन के बाद सुरक्षित रिकवरी सुनिश्चित करने में भी अहम होती है।

इस अवसर पर डॉ. अभिषेक बरनवाल (सह आचार्य व



विभागाध्यक्ष), डॉ. सर्वेश पाठक (सहायक आचार्य), डॉ. राकेश वर्मा (सहायक आचार्य), डॉ. वर्तिका सिंह (सीनियर रेजिडेंट), डॉ. शोभित भारद्वाज (जूनियर रेजिडेंट-2), डॉ. मोहन अर्रा (जूनियर रेजिडेंट-2), डॉ. मनोज कुमार (जूनियर रेजिडेंट-1), डॉ. शुभम वर्मा (जूनियर रेजिडेंट-1) सहित विभागीय चिकित्सकों ने एनेस्थीसिया की भूमिका और मरीजों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन से पहले मरीज की स्वास्थ्य स्थिति का समुचित मूल्यांकन, ऑपरेशन के दौरान लगातार निगरानी और ऑपरेशन के बाद प्रभावी दर्द प्रबंधन बेहतर उपचार के लिए आवश्यक हैं। इन व्यवस्थाओं से संभावित जटिलताओं के जोखिम को कम करने और मरीज की रिकवरी को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान पोस्ट-एनेस्थीसिया केयर, दर्द निवारण की आधुनिक तकनीकों तथा गंभीर मरीजों के उपचार में एनेस्थीसिया विशेषज्ञों के योगदान पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन से पहले, उसके दौरान और बाद में उचित एनेस्थीसिया देखभाल मरीज को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के चिकित्सक, संकाय सदस्य और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से सुरक्षित सर्जरी, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा और मरीजों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।विश्व एनेस्थीसिया दिवस एवं सफल आयोजन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं डॉ. मनोज कुमार प्रधानाचार्य डॉ. अनिल यादव उप-प्रधानाचार्य डॉ. समीर श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय श्रीवास्तव चिकित्सा अधीक्षक ।

शांति भंग में तीन का चालान

छावनी,हर्रैया(बस्ती)। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने हमराही उपनिरीक्षक सत्येंद्र यादव,हेड कांस्टेबल



विनोद कुमार यादव, अखंड प्रताप शर्मा, कांस्टेबल शिवजी कुमार के साथ थाना क्षेत्र के बभनगांवा निवासी तिलक राम यादव पुत्र जवाहरलाल यादव, हौसिला प्रसाद पुत्र संतराम यादव तथा रतिपाल पुत्र मुन्नीलाल को आपसी विवाद के चलते गिरफ्तार कर लिया। तीनों का शांति भंग की धारा 170, 126, 135 बीएनएस के तहत चालान कर उप जिलाधिकारी न्यायालय हर्रैया के समक्ष पेश किया गया।

टाटा मोटर्स के नाम पर कथित नकली डीईएफ उत्पादों की बिक्री, तीन पर मुकदमा

श्रृंगीनारी,हर्रैया(बस्ती)। टाटा मोटर्स के नाम पर कथित नकली डीईएफ उत्पाद तैयार कर बेचने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकृत जांच अधिकारी टिकेश्वर नाथ झा की शिकायत पर परसरामपुर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक, नेदुला गांव में नकली उत्पाद तैयार कर बेचने का आरोप है। मामले में नेदुला निवासी दीपक पांडेय, अंकित पांडेय और हर्रैया क्षेत्र के नाथऊपुर निवासी आदित्य त्रिपाठी को आरोपित किया गया है। पुलिस ने दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया है।

पृष्ठ एक का शेष

तिरंगा मार्च...

जाएगी। वहीं एक अन्य नोटिस में एक साल वाली शर्त का जिक्र है। दीपके को नोटिस देने के लिए दिल्ली पुलिस एनसीपी-एससीपी के प्रवक्ता अनीश गवांडे के घर पहुंची थी। दीपके अनीश गवांडे के घर पर ही ठहरे हुए हैं। सीजेपी ने शुक्रवार शाम पांच बजे से कनॉट प्लेस क सेंट्रल पार्क तिरंगा मार्च निकालने का ऐलान किया है। सीजेपी समर्थक कनॉट प्लेस में तिरंग लेकर जुटे हुए हैं। इस बीच पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सेंट्रल पार्क के पास भारी सुरक्षा बल भी मुस्तैद है। आम आदमी पार्टी ने तिरंगा मार्च को समर्थन दिया है। वहीं अन्य छात्र संगठन भी सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं इधर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से मना कर दिया। देश की सर्वोच्च कोर्ट के समक्ष इस याचिका में सेंट्रल पार्क को बंद करने के की गुहार लगाई गई थी। कोर्ट ने कहा है कि उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष समझदारी से काम लेंगे। अभिजीत दीपके सीजेपी के संयोजक हैं। जून-जुलाई में दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद से ही वे लगातार केंद्र सरकार को अलग-अलग मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर रहे हैं। जून-जुलाई में सीजेपी ने 36 दिनों तक जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था और यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद ही खत्म हुआ था।

आदेश अनुचित...

भरपाई के लिए कदम उठाये जायेंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को बंद करने संबंधी नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि सभी लोग समझदारी से काम लेंगे। पीठ ने कहा कि इन दिनों में छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी चलती है। हम जानते हैं कि इस फैसले से पूरे परिवारों को कितनी मुश्किलों और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा अगर कारोबार को नुकसान होता है और हम यह पाते हैं कि आपके मुवक्किलों के संबंध में यह आदेश गैरकानूनी है, तो हम अपने संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे। जब ऐसी स्थिति आयेगी, तब उससे निपटने पर विचार करेंगे। दिल्ली किराना कमेटी और 'दिल्ली आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट्स एसोसिएशन' की ओर से पेश हुए अधिवक्ता जय अनंत देहाद्राई ने याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि विरोध-प्रदर्शन और उसके बाद लगाये गये प्रतिबंधों से प्रतिदिन 200 करोड़ रुपये के कारोबार पर असर पड़ेगा।

दिल्ली पुलिस...

का सामना किया था, लेकिन उनमें से किसी ने जवाब में हाथ नहीं उठाया और पूरी दुनिया ने इसे देखा था। उन्होंने कहा कि पुलिस हड्डियां तोड़ सकती है, सत्याग्रह नहीं। गांधी ने कहा कि देश के युवा, विशेषकर युवतियां, 'निडर, दृढ़ और एकजुट' हैं तथा लोकतंत्र के लिए खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उनके साथ खड़ा हूं।

यूपी में पदक...

की सीधी भर्ती हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर पिछली सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधा। कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भय और अराजकता का ऐसा माहौल था, जहां बेटियों के सपनों पर पहरे थे, हौसलों पर बंदिशें थीं और प्रतिभा अवसर के अभाव में दम तोड़ने को मजबूर थी। खेल के मैदान माफिया के कब्जे में थे, संसाधन नदारद थे और बेटियों की उड़ान को पंख देने के बजाय, उनके सपनों को चारदीवारी में कैद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद आये बदलाव को भी इंगित किया। कहा कि विगत साढ़े 9 वर्षों में प्रदेश में बदलाव की नयी गाथा लिखी गयी है। भय का स्थान सुरक्षा ने लिया है, उपेक्षा का स्थान प्रोत्साहन ने लिया है और संसाधनों के अभाव का स्थान खेल सुविधाओं के विस्तार ने लिया है। गांव के खेल मैदानों और ब्लाक स्तरीय मिनी स्टेडियम से लेकर जिला स्तरीय स्टेडियम, मंडल स्तरीय स्पोर्ट्स कालेज तथा मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तक, बेटियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त आधार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलम्पिक, कामनवेल्थ एवं एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को लाखों-करोड़ों के पुरस्कार और 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत सीधी भर्ती जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

संसद सत्र...

का आग्रह किया था। लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद 14 अप्रैल की देर शाम बिल को सार्वजनिक किया गया और 16 अप्रैल को विशेष सत्र बुला लिया गया। हालांकि, आम सहमति न होने के कारण 17 अप्रैल 2026 को यह विधेयक लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में विफल रहा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह इसके बाद भी 16 जुलाई और 27 अगस्त को पत्र लिख चुके हैं, और अब यह चौथी बार है जब वह सर्वदलीय बैठक की मांग दोहरा रहे हैं।

सऊदी अरबमें...

को रियाद हवाई अड्डे पर हुए हमले में घायल भारतीय नागरिकों में से दो आईसीयू, एक हाई डिपेंडेंसी यूनिट और तीन सामान्य वार्ड में भर्ती हैं। इस बीच, रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं निलंबित हैं, जबकि दम्माम, जेद्दा और मदीना हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन जारी है। भारतीय विमानन कंपनियों ने 17 अक्टूबर तक सऊदी अरब से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। हालांकि, सऊदी अरब की विमानन कंपनी सऊदिया दम्माम, जेद्दा और मदीना से अपनी निर्धारित उड़ानें संचालित कर रही है।

बुलन्दशहर : पेड़से...

40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने घायलों को निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है उनकी पहचान कासगंज जनपद के सिढ़पुरा क्षेत्र स्थित गांव देहली बुजुर्ग निवासी रामदीन (50) उनके पुत्र लोकेंद्र और लोकेंद्र की बेटी एक वर्षीय प्रगति, प्रवीन की पत्नी बविता (35) और चालक शिवशंकर मिश्रा (55) के रुप में हुई है।

रोडवेज आउटसोर्स...

देने का आदेश दिया गया। लेकिन शासन के आदेश को दरकिनार करते हुए 8400 रुपये प्रति कर्मी भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में परिषद के प्रांतीय महामंत्री गिरीश मिश्र की ओर से प्रबंध निदेशक पीएन सिंह को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेकर प्रधान प्रबंधक श्रम कल्याण अंकुर विकास ने मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक से आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक दरों में बदलाव करते हुए भुगतान की अनुमति मांगी हैं।

मेरठ सांप...

यही बताया गया कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में हत्या की बात सामने आयी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों के बयान दर्ज कराये थे। सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने मनुस्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि अधर्म कभी धर्म से नहीं जीत सकता। अदालत की टिप्पणी में सावित्री का भी उल्लेख किया गया, जो यमराज से भिड़ गयी थीं।

उज्जैनमें महामंडलेश्वर...

ने पूरी तरह जमींदोज कर दिया। सुबह-सुबह पोकलेन और जेसीबी से हुई कारवाई नगर निगम के भवन अधिकारियों के अनुसार, निगम की टीम ने पूरी योजना के तहत सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच मौके पर दबिश दी। इस विशाल ढांचे को गिराने के लिए चार पोकलेन मशीनों और एक जेसीबी का इस्तेमाल किया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शुरू हुई इस कारवाई से आसपास के क्षेत्र में हलचल मच गयी। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल और नगर निगम का अमला मौके पर पूरी तरह मुस्तैद रहा।

बेगूसराय : ज्वेलरी...

हुई इस भीषण गोलीबारी से डर कर दुकानदार के मालिक अंदर मौजूद ग्राहक जान बचाकर बाहर की तरफ भाग गए। अपराधियों ने इसका फायदा उठाकर काउंटर और तिजोरी में रखे लगभग 200 ग्राम सोने का आभूषण, 2 किलो चांदी के जेवर और कैश समेट लिया। व्यस्त बाजार में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया। दुकानदारों ने सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गज बढ़ाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना के सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से आठ खोखा बरामद कर बदमाशों का गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया है।

रेलवे ट्रैकपर...

में एक ड्रोन तैनात है। रेलवे की योजना मार्च 2027 तक इनकी संख्या 22 करने की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक जनवरी से 15 सितंबर 2026 के बीच ड्रोन से 3,033 उड़ानें भरीं। इनमें संबलपुर मंडल में सबसे ज्यादा 1,329 उड़ानें हुईं। रायगढ़ा में 1,024 और खुर्दा रोड मंडल में 680 उड़ानें भरी गईं। इनमें से 1,265 उड़ानें संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा के लिए थीं। इनके जरिये पथराव, तोड़फोड़ और केबल चोरी रोकने के साथ आग लगने के खतरे पर भी नजर रखी गई। ड्रोन में नाइट विजन और थर्मल कैमरे लगे हैं। इनकी मदद से रात में भी निगरानी की जा सकती है। जंगलों, पहाड़ी इलाकों, सुरंगों, पुलों और सुनसान रेलखंडों पर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों, कोचिंग यार्ड और महत्वपूर्ण परिसरों की निगरानी भी इनके जरिये होती है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुताबिक, पुरी में 2026 की रथ यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन में ड्रोन से मदद मिली।

71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों को शिक्षा के साथ कौशल, स्वावलंबन और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को आधुनिक और रोजगारपरक कौशल से लैस करने के लिए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रदेश के 71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

दुर्गा पूजा व मूर्ति विसर्जन को लेकर इटवा में डीएम और एसएसपी ने किया फ्लैग मार्च



इटवा (सिद्धार्थनगर)। शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर जिले में शांति, सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पर्याप्त पुलिस एवं पीएसी बल के साथ इटवा कस्बे में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी ने इटवा कस्बे के प्रमुख मार्गों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर आमजन को सुरक्षित माहौल का एहसास कराया। साथ ही लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस और प्रशासन ने त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्कता का संदेश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

राहुल नौजवानों की ऊर्जा को अराजकता बढ़ाने में लगा रहे हैं- राजनाथ सिंह

लखनऊ (आससे)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दिल्ली में पिछले दो दिनों में हुए घटनाक्रम गंभीर सवाल खड़े करते हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल नौजवानों की ऊर्जा को अराजकता बढ़ाने में लगा रहे हैं। वो बांग्लादेश की तरह हिंसा करके रिजीम चेंज करने की बात कर रहे हैं। उनका निशाना एसआईआर और ज्ञानेश कुमार नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना इनका एजेंडा है। वो बांग्लादेश की तरह हिंसा फैलाकर रिजीम चेंज करने की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी को समझना चाहिए कि लोकतंत्र अराजकता फैलाने या भारत के विकास में बाधा डालने का लाइसेंस नहीं है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी चुनावी प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठाये जबकि कांग्रेस ने जमकर अनियमितताएं की हैं। कांग्रेस के लोग चुनाव आयोग जो कि एक संवैधानिक संस्था है उसे बदनाम करने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम दीवाली का पटाखा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस



की लगातार पराजय का कारण वोट चोरी नहीं है बल्कि काम चोरी है। 1984 के बाद कांग्रेस को कभी भी केंद्र में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है जबकि भाजपा उस समय दो लोकसभा सीटों की पार्टी थी जिसने 2014 और 2019 में केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर भी ध्यान देना चाहिए। राहुल गांधी को जनमत का सम्मान करते हुए काम करना चाहिए। भारत के भविष्य की जिम्मेदारी सबकी है। हमें टकराव नहीं संवाद का मार्ग चुनना चाहिए। कांग्रेस के शासन काल में तीन बड़े अक्षम्य अपराध हुए। इंदिरा जी की ओर से इमरजेंसी लगायी गयी। 1984 में सिख भाईयों का नरसंहार हुआ और 1990 में रामभक्तों का खून बहाने वालों की सरकार को बचाया गया। रक्षामंत्री ने कहा कि इंदिरा जी ने आपातकाल लगाकर देश के लोकतंत्र को सलाखों के पीछे डालने का काम किया। राहुल गांधी संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना रखा था।

1993 में चुनाव आयोग में रातोंरात दो चुनाव आयुक्त नियुक्त किये गये। कांग्रेस के नेहरू गांधी परिवार के करीबी नवीन चावला को देश का मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया। रक्षामंत्री ने कहा कि 1993 से वोटर आईडी कार्ड होता ही नहीं था। जबसे वोटर कार्ड आया तब से कांग्रेस ने अपने दम पर सरकार नहीं बनाई। यूपी में 1985 के बाद विजय हासिल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मेशा देश की जनता और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान किया।

कार्यालय अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1813/ए-11/2026 दिनांक 13-10-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए, बी ,सी0 एवं डी" श्रेणी के पात्र रोड शेफ्टी कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम (प्रहरी एप) से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
1	महराजगंज	फरेन्दा-बृजमनगंज-कोल्हुई लोटन-मोहना मार्ग (एस0एच0-129) के प्रभाग कोल्हुई से लोटन चैनेज 36.700 से 45.900 में रोड शेफ्टी का कार्य।	11.00	1.10	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
2	महराजगंज	महदेवां समरधीरा से भगवानपुर (पडरहवा) (अन्य जिला मार्ग) मार्ग में रोड शेफ्टी का कार्य।	5.50	0.55	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
3	महराजगंज	पैसिया नईकोट अड्डा बाजार मोगलहा एकसड़वा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0- 0.000 से 8.110 में रोड शेफ्टी का कार्य।	9.50	0.95	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
4	महराजगंज	नौतनवां खनुआ मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0- 1,2,3,4(250), 6(230), 7(700) में रोड शेफ्टी का कार्य।	1.80	0.18	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 679.00	2 माह
5	महराजगंज	सोनौली-नौतनवा-गोरखपुर मार्ग (नौतनवां नगरपालिका नौतनवां का शहरी मार्ग) (अन्य जिला मार्ग)में रोड शेफ्टी का कार्य।	2.80	0.28	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य + जी.एस.टी.) रू0 767.00	2 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 22.10.2026 से 05.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 05.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तक्नीकी बिड दि0 05.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 05.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाय। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एडीसन)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

उ.प्र. 258363/दिनांक 15-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1812/ए-11/2026 दिनांक 13-10-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए, बी ,सी0 एवं डी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम (प्रहरी एप) से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
1	महराजगंज	जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना के अन्तर्गत नौतनवां विधान सभा में रोड शेफ्टी हेतु सिविल का कार्य।	5.00	0.50	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
2	महराजगंज	जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना के अन्तर्गत नौतनवां विधान सभा में रोड शेफ्टी हेतु सिविल का कार्य।	5.50	0.55	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 22.10.2026 से 05.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 05.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तक्नीकी बिड दि0 05.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 05.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाय। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एडीसन)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

उ.प्र. 258364/दिनांक 15-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-कुशीनगर

पता-प्रथम तल, विकास भवन, जनपद-कुशीनगर

मैनुअल निविदा की प्रेस सूचना संख्या-23

पत्रांक-1527/ग्रा.अ.वि./निविदा/पत्रा. सं.-122(4)/अनु. सहायक/2026-27 दिनांक 09-10-2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-कुशीनगर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 में ए.बी.सी.डी एवं ई श्रेणी एवं विद्युत श्रेणी में पंजीकृत में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। 1- कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत है-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0में)	धरोहर की धनराशि (लाख रू0में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
		विधायक निधि 2026-27				
1	कुशीनगर	ग्रामसभा जौरा किशोर यादव के घर से सुभाष उपाध्याय के घर होते हुए ब्रम्ह स्थान की तरफ जाने वाले मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण	9.13	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
		संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि 2026-27				
2	कुशीनगर	विकास खण्ड – रामकोला के ग्राम सभा लाला छपरा में पिच रोड से छठ घाट तक 95 मी0 सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	8.98	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
3	कुशीनगर	विकास खण्ड – रामकोला में टेकुआटार अंजही पिच मार्ग से अंजही जाने वाले मार्ग पर 400 मी0 खड़ण्जा निर्माण कार्य	9.50	0.19	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
4	कुशीनगर	मोदनसेन नगर पडरौना मे सी0सी0रोड से आगे लम्बीबाई स्कूल 25 मी० सी०सी०रोड का निर्माण कार्य	2.69	0.05	रू0 668.00 समस्त करों सहित।	3 माह
5	कुशीनगर	विकास खण्ड – पडरौना के ग्राम सभा सुखपुरा टोला छोटा लौंगपुरा में राजेश कुशवाहा के घर से पृथ्वीनाथ कुशवाहा के घर तक 108मी0 सी0सी0रोड का निर्माण कार्य	8.99	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
6	कुशीनगर	विकास खण्ड – पडरौना के ग्राम सभा कठकुईया के टोला गुनागर पट्टी ओमप्रकाश गोंड के घर से कटया बार्डर मोहन के घर तक 107 मी० सी०सी० रोड का निर्माण कार्य	8.99	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
7	कुशीनगर	विकास खण्ड-हाटा के ग्राम सभा पिपरा तिवारी सी०सी० सोनू के घर से आलोक के घर मी० सी०सी० रोड का निर्माण कार्य	9.00	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
8	कुशीनगर	विकास खण्ड रामकोला के खोटही में बहारी के घर से रजवाहा के घर तक 104 मी0 सी0सी0 रोड का कार्य।	8.97	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
9	कुशीनगर	विकास खण्ड – कसया के ग्राम सभा बटेसरा में हरिजन बस्ती तक जाने वाले मार्ग पर 104 मी० सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	8.99	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
10	कुशीनगर	विकास खण्ड पडरौना के खरदेवा में मनीसिंह के घर से दयाशंकर सिंह के घर तक 101मी0 सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	8.99	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
11	कुशीनगर	विकास खण्ड- नेबुआ नौरंगिया के महार विन्दवलिया में मेनरोड से बन्धवा टोला वाली मन्दिर तक 100 मी० सी०सी०रोड का निर्माण कार्य	9.00	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
12	कुशीनगर	विकास खण्ड खड्डा के लक्ष्मीपुर पडरहवा सी०सी० मुख्य मार्ग से नागेन्द्र बहादुर सिंह के घर तक सडक 112 मी० सी०सी० रोड का निर्माण कार्य	9.00	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
13	कुशीनगर	विकास खण्ड-सुकरौली के ग्राम जगदीशपुर माता बन्चरा देवी यज्ञशाला से माता जी के गेट होते हुए सामुदायिक भवन से पोखरे तक 104 मी० सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।	8.99	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह
14	कुशीनगर	विकास खण्ड-कप्तानगंज के ग्राम पंचायत घुरहुपुर में चन्द्रशेखर पटेल के खेत से आंगनवाडी भवन तक 100मी० सी०सी० रोड का निर्माण कार्य	8.99	0.18	रू0 752.00 समस्त करों सहित।	3 माह

2-निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि-02.11.2026 से 07.11.2026
3-निविदा बिक्री के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान-07.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-कुशीनगर, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-गोरखपुर एवं जिलाधिकारी, जनपद-कुशीनगर।
4-निविदा प्राप्ति 12.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तक एवं खोलने की तिथि एवं समय-12.11.2026 को अपरान्ह 2.30 बजे।अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,प्रखण्ड-कुशीनगर में सम्पर्क करें।

(इं. सूर्यप्रकाश)
अधिशासी अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
प्रखण्ड-कुशीनगर
ID: eeredkushinagr@gmail.com
श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से

उ.प्र.-258402/दिनांक 15-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

छात्रों की आड़ में सत्ता बदलने की साजिश-प्रधान

नयी दिल्ली (आससे)। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि छात्रों के हितों और व्यवस्था में सुधार के नाम पर शुरू हुए विरोध प्रदर्शन का असली मकसद देश में अराजकता फैलाना और राजनीतिक व्यवस्था को अस्थिर करना है। खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन और बांग्लादेश से प्रेरणा लेने की बात करना विरोध प्रदर्शन के पीछे की मंशा को स्पष्ट करता है। धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देशहित, व्यवस्था को ठीक करने के दावे और छात्रों के हितों के नाम पर शुरू हुए विरोध प्रदर्शन का असली चरित्र अब किसी से छिपा नहीं है। खुले तौर पर सत्ता बदलने और बांग्लादेश से प्रेरणा लेने की बात करना स्पष्ट करता है कि यह छात्रों की आड़ में केवल देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक व्यवस्था को अस्थिर करने की सोची-समझी साजिश है। प्रधान ने कहा कि विदेशी ताकतों के दम पर सत्ता हासिल करने का सपना देखने वालों को समझना चाहिए कि भारत में सत्ता परिवर्तन केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता अलोकतांत्रिक सोच को कभी स्वीकार नहीं करेगी। धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल गांधी पर चुनावी जनादेश का अपमान करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया से मनचाहा परिणाम नहीं मिलने पर कांग्रेस जनता के बीच संस्थाओं को लेकर अविश्वास पैदा करने की कोशिश करती है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हार का शतक लगा चुके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार जनता के जनादेश को अपमानित करते हैं। चुनावी प्रक्रिया से मनचाहा परिणाम न मिलने पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने की कांग्रेस की कोशिश और राजनीतिक स्वार्थ के लिए आये दिन जनता को परेशान करना इनका हमेशा से उद्देश्य रहा है। यह उसी लोकतंत्र विरोधी कांग्रेसी मानसिकता को दिखाता है जिसमें देशवासियों के अधिकारों को कुचल दिया गया था। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने राहुल गांधी पर संविधान और सांविधानिक संस्थाओं का अपमान करने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि जनता राहुल गांधी को बार-बार नकार चुकी है, लेकिन सत्ता की लालसा में वह जनादेश पर सवाल उठा रहे हैं। प्रधान ने लिखा, हाथ में संविधान लेकर घूमने वाले संविधान विरोधी राहुल गांधी को जनता बार-बार नकार चुकी है। फिर भी सत्ता की लालसा में अपनी जिद में जनादेश का अपमान और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर लोकतंत्र की मर्यादाओं को तार-तार किया जा रहा है। राहुल गांधी जी, लोकतंत्र के प्रति आपका यह नफरती रवैया बेहद शर्मनाक है!

२० को मुंबई में मिलेंगे रूबियो और जयशंकर

मुम्बई (आससे)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 20 अक्तूबर को मुंबई में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी। जयशंकर इस दौरान अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे।

कार्यालयः-नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय के गृहकर पंजिका वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 के अन्तर्गत गृहकर पंजिका में अपना नाम दर्ज कराने हेतु निम्न व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। यदि किसी भी मकान से सम्बन्धित नामान्तरण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो निम्नलिखित दिनांक के अन्दर अपने आपत्ति के समर्थन में साक्ष्य/सबूत के साथ नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

क्र.सं.	स्वामी का नाम	आवेदक का नाम	नामान्तरण का प्रकार	वार्ड का नाम	मकान सं.	आपत्ति का दिनांक
01.	03	04	05	02	06	07
01.	इस्लाम पुत्र पुत्र शरीफ	मु. आसमा पत्नी स्व. इस्लाम व मोहम्मद फारूक, मोहम्मद असलम पुत्रगण स्व. इस्लाम	वरासत	08 इंदिरा नगर 12 जवाहर नगर	151 167	21-11-2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

संख्या-मेमो/नामा./न.पं.से./2026-27/दिनांक 16-10-2026

कार्यालयः-नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय के गृहकर पंजिका वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 के अन्तर्गत गृहकर पंजिका में अपना नाम दर्ज कराने हेतु निम्न व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। यदि किसी भी मकान से सम्बन्धित नामान्तरण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो निम्नलिखित दिनांक के अन्दर अपने आपत्ति के समर्थन में साक्ष्य/सबूत के साथ नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

क्र.सं.	स्वामी का नाम	आवेदक का नाम	नामान्तरण का प्रकार	वार्ड का नाम	मकान सं.	आपत्ति का दिनांक
01.	03	04	05	02	06	07
01.	श्री अशोक कुमार नाथानी पुत्र हीरालाल नाथानी	श्रीमती अलहरून नेशा पत्नी अवूवक	पंजीकृत बैनामा	09 गांधी नगर	149	10-11-2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

संख्या-मेमो/नामा./न.पं.से./2026-27/दिनांक 05-10-2026

निर्णायक जंग जीतने पर होगी नजरें

भारत को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार, वेस्टइण्डीज को कप्तान होप, रदरफोर्ड से होगी एक और बड़ी पारीकी उम्मीद, पांचवां टी-२० आज

बेंगलुरू (एजेन्सियां)। भारत और वेस्टइण्डीज की टीमें जब २-२ की बराबरी के बाद शनिवार को निर्णायक पांचवें और अन्तिम टी-२० मुकाबले में उतरेगी तो दोनों की नजरे जीत के साथ शृंखला फतह करने पर होगी। करो या मरो बन गये इस मुकाबले में भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है। भारत के लिये समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ५६ रन बनाये जबकि अभिषेक का योगदान दो रन का रहा। एक बार साझेदारी टूटने के बाद मध्यक्रम पारी को संभाल नहीं सका। ईशान किशन, कप्तान श्रेयस अय्यर और नमन धीर बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे। लखनऊ में पहले टी-२० में १०२ रन बनाने के बाद श्रेयस ने अगले तीन मैचों में ४०, एक और १६६ रन बनाये। यहां हारने से बतौर कप्तान श्रेयस की छवि को ठेस पहुंचेगी। आयरलैण्ड और इंगलैण्ड से हारने के बाद जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान को हराकर उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया। श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नम्बर पर ईशान ने ४३, ३७ और छह रन बनाये हैं। वहीं नमन धीर की पारियां चार, १० और शून्य की रही है। तिलक वर्मा और नीतिश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में १२-१ से १४.४ ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में



न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली गयी है। कुछ आईपीएल मैचों के अलावा यहां बड़े मैच भी नहीं खेले गये। ऐसे में भारत स्पिनर कुलदीप यादव को फिर से टीम में ला सकता है। तीसरे और चौथे मैच में बाहर रहे कुलदीप का अनुभव टीम के लिये कारगर साबित हो सकता है। वहीं पिछले मैच में कंधे की चोट का शिकार हुए अर्शदीप सिंह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव, मयंक यादव, नमन धीर और रेड्डी कैरेबियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके हैं। लिहाजा ऐसे में भुवनेश्वर का अनुभव काफी कारगर साबित होगा। वेस्टइण्डीज के लिये कप्तान शाई होप और शेरफान रदरफोर्ड २६१ और २२१ रन बना चुके हैं और शृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष दो स्थानों पर हैं। भारत को इन दोनों को जल्दी आउट करना होगा जैसा इंदौर में तीसरे टी-२० के दौरान किया था।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), नमन धीर, वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

वेस्टइंडीज-शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, आमिर जांगू (विकेटकीपर), कामिल पूरन, रोवमैन पावेल, शेरफान रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेज, कीमो पाल, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर, मैथ्यू फोर्ड, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती।

समय-रात्रि सात बजेसे।

दीप्ती और निक्की ने दिलायी भारत को जीत

महिला टी-२० जिम्बाब्वे चार विकेटसे हारा

रायपुर (आससे)। दीप्ति शर्मा (४९) और निक्की प्रसाद (अजेय ३९) की विषम परिस्थिति में खेली गयी उपयोगी पारी और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए की गयी ६३ गेंद में ८२ रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैचों की महिला टी-२० शृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को जिम्बाब्वे को चार विकेट से पराजित कर १-० की बढ़त हासिल कर ली। भारतने पहले जिम्बाब्वे को २० ओवर में पांच विकेट पर ११४ रन पर रोकने के बाद २६ गेंद शेष रहते छह विकेट पर ११६ रन बना लिए। दूसरा मुकाबला इसी मैदान पर रविवार को खेला जायेगा। ११५ रन के सामान्य लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत हाहाकारी रही और उसने १९ गेंद में ही अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों को १९ रन पर ही खो दिया। कप्तान स्मृति मंधाना ने दो चौके लगा तेवर दिखलाये लेकिन उनके इस तेवर को न्याशा ग्वानजुरा ने खतरनाक होने से पहले ही शांत कर दिया। मंधाना केवल नौ रन ही बना सकी। इसके बाद अनुष्का शर्मा एक चौका लगा कर न्याशा ग्वानजुरा की दूसरी शिकार हो गयी। कप्तानी की जिम्मदारी से मुक्त होकर पहली बार उतरी हरमप्रीत कौर ने तो और निराश कर दिया और एक रन बना कर पवेलियन लौट गयी। अब निगाहें शेफाली वर्मा पर टिकी थी लेकिन वे भी दो गेंद खेल कर केवल चार रन बना कर न्याशा ग्वानजुरा की तीसरी शिकार हो गयी। टीम संकट में थी ऐसे में निक्की प्रसाद और अनुभवी दीप्ति शर्मा ने क्रीज पर पांव जमा लिए और जिम्बाब्वे की गेंदबाजों का दिलेरी से सामना करते हुए टीम के खाते में रन जोड़ना शुरू कर दिया जिससे टीम संकट से निकलने में सफल हो गयी। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए ६३ गेंद में ८२ रन की बेशकीमती साझेदारी कर भारत को जीत के करीब ला दिया। लेकिन दीप्ति अर्द्धशतक से एक रन पहले ओलिंडर चेरी की शिकार हो गयी। दीप्ति ने ४९ रन के लिए ३७ गेंद खेली जिसमें आठ चौके शामिल रहे। भारत को जीत के लिए १४ रन चाहिए थे लेकिन जब टीम का स्कोर ११० रन था ऋचा घोष (सात, एक छक्का) भी आउट हो गयी। दूसरे छोर पर डटी निक्की ने ३५ गेंद में छह चौके की सहायता से ३९ रन की अजेय पारी खेल कर भारत का स्कोर १५.४ ओवर में छह विकेट पर ११६ रन कर दिया। न्याशा ग्वानजुरा ने १८ रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले टास हार कर पहले खेलने को बाध्य जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ओवर की अन्तिम गेंद पर क्रांति गौड़ ने बिलव्ड बिजा को खाता खोलने से पहले ही पगबाधा कर दिया। मेहमान टीम को पहला झटका सात रन पर लगा। लेकिन इसके बाद केलिस नधलोवु और मोडेस्टर मुपाचिक्का ने लड़खड़ाये कदम को संभाल लिया और दूसरे विकेट के लिए ५६ गेंद में ५३ रन की सधी साझेदारी कर जिम्बाब्वे को एक सम्मानजनक स्कोर की ओर बढ़ाया। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी जिसे तोड़ने के लिए नयी कप्तान स्मृति मंधाना ने अपने गेंदबाजों को बदल-बदल कर अजमाया। आखिरकार इस जोड़ी को श्रीचरणी ने मोडेस्टर मुपाचिक्का का रिटर्न कैच लेकर तोड़ा। मोडेस्टर मुपाचिक्का ने पवेलियन लौटने से पहले २६ गेंद में एक चौके की मदद से १६ रन बनाये। जिम्बाब्वे का स्कोर दो विकेट पर ६० रन हो गया। इस जोड़ी के जुदा होने के साथ ही जिम्बाब्वे की रन गति सुस्त हो गयी जिसे बढ़ाने के चक्कर में सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु अरुंधति रेड्डी की गेंद पर चकमा खा कर बोल्ड हो गयी। उन्होंने ४२ रन के लिए ४४ गेंद खेली जिसमें छह चौके शामिल रहे। मेंहमान टीम को तीसरा झटका ८३ रन पर लगा। टीम को न्याशा ग्वानजुरा से बड़ी पारी की उम्मीद थी लेकिन वे निराश कर गयी और केवल नौ रन बना कर नंदिनी शर्मा की गेंद पर स्टंप हो गयी। मिशेल मावुंगा खाता भी नहीं खोल सकी और नंदिनी का दूसरा शिकार हो गयी। यह तो भला हो शायर्ने मायर्स का जिन्होंने अन्त में ३३ गेंद में चार चौके, दो छक्के की मदद से ४३ रन की तेज अजेय पारी खेल दी जिससे जिम्बाब्वे की टीम २० ओवर में पांच विकेट पर ११४ रन बनाने में सफल हो सकी। नंदिनी शर्मा ने ११ रन देकर दो विकेट लिए।

सुहास, भाविना का जीत से आगाज





नागोया (एजेन्सियां)। दो बार के पैरालम्पिक रजत पदक विजेता और गत चैम्पियन सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिण्टन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरूषों के एकल एसएल फोर ग्रुप ई मैच में बांगलादेश के जायतू धर को सीधे गेम में हरा दिया। प्रशासनिक अधिकारी सुहास ने टोक्यो और पेरिस पैरालम्पिक में रजत पदक जीता था जबकि पिछले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्होंने यह मुकाबला २१-८, २१-११ से जीता। पुरूषों के एकल एसएल फोर वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपै के एन चुआन येह को २१-१७, २१-१२ से मात दी। टोक्यो पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता और एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता कृष्णा नागर ने चीनी ताइपै के जिया सियांग लिंग को २१-५, २१-४ से हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच-छह वर्ग में एक और भारतीय सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जान साइरस मेकलांग को २१-७, २१-६ से हराया। मिश्रित युगल एसएल थ्री और एसयू फाइव ग्रुप ए के मैच में भारत की मनीषा रामदास और प्रमोद भगत ने चीन के लिचुआन शियोंग और टोंगटोंग को २१-१६, १९-२१, २१-१६ से मात दी। मानसी जोशी और रूत्विक रघुपति हालांकि अपना मुकाबला हार गये। महिला एकल एसएल थ्री वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन मानसी जोशी को चीन की यूमेइ लियू ने २१-१५, १४-२१, २१-१५ से हराया। दूसरी ओर टोक्यो पैरालम्पिक रजत पदक विजेता भाविना पटेल ने अपने अभियान का आगाज कुवैत की अहद अलरशीदी पर महिला टेबल टेनिस स्पर्धा के पहले दौर में जीत के साथ किया। भाविना ने महिला एकल ग्रुप ए के क्लास ४-५ मैच में ११-६,, ११-३, ११-६ से जीत दर्ज की। पैरा टेबल टेनिस में क्लास चार और क्लास पांच व्हीलचेयर खिलाड़ियों (क्लास १-५) के बीच उच्च-कार्यशील स्तरों को दर्शाते हैं, जहाँ खिलाड़ियों के पास बैठने के संतुलन और कोर या हाथ के नियंत्रण की अलग-अलग डिग्री होती है। बेबी सहाना रवि ने महिला एकल क्लास नौ ग्रुप बी के मैच में वियतनाम की थि होआ फुओंग एंगुयेन को ११-६, ११-५, ११-४ से हराया। पैरा टेबल टेनिस में क्लास नौ उन अथलीटों के लिए एक स्टैंडिंग स्पोर्ट्स क्लास है जिनके पैरों या खेलने वाले हाथ में हल्की शारीरिक दिक्कतें हैं या जिनके न खेलने वाले हाथ में गंभीर दिक्कतें हैं। शुभम वाधवा ने पुरूष एकल क्लास तीन ग्रुप मैच में नेपाल के केशव थापा को ११-६, ११-४, ११-९ से हराया। जेहान मदान ने हमवतन संदीप डांगी को ११-८, १२-१०, १०-१२, ११-६ से मात दी।

पैरा एशियाई खेल

अर्शदीप की जगह भुवनेश्वर शामिल

बेंगलुरु (एजेन्सियां)। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को शुक्रवार को कंधे में चोट से जूझ रहे अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर वेस्टइण्डीज के खिलाफ २-२ से बराबरी पर है। शृखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा बुधवार को हैदराबाद में वेस्टइण्डीज के खिलाफ चौथे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अर्शदीप सिंह को गेंदबाजी करने वाले हाथ के कंधे पर चोट लगी थी जिसके बाद भुवनेश्वर कुमार को टीम में शामिल किया गया है। कहा गया है कि अंतिम टी-२०अंतरराष्ट्रीय मैच में अर्शदीप की उपलब्धता पर फैसला उनकी चोट से उबरने की स्थिति को देखते हुए मुकाबले से पहले लिया जायेगा। ३६ वर्षीय भुवनेश्वर को इससे पहले २२ अक्तूबर से क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शुरू होने वाली टी-२० शृंखला के लिए भी भारतीय टीम में चुना गया था।

तलाक के बाद पीने लगा था शराब, आते थे पैनिक अटैक

२६ दिन रिहैब में रह कर बदली जिंदगी-चहल

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपनी निजी जिंदगी के मुश्किल दौर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मैदान पर अपनी हंसी-मजाक और चुलबुले अंदाज के लिए मशहूर चहल ने बताया कि तलाक के बाद उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इस दौरान शराब पीने की आदत हद से ज्यादा बढ़ गयी थी। हालात ऐसे हो गये कि उन्हें रिहैब सेंटर में २६ दिन बिताने पड़े। चहल ने अपनी जिंदगी के इस दौर, पैनिक अटैक और क्रिकेट पर पड़े असर के बारे में खुलकर बात की। चहल से जब पूछा गया कि उन्होंने शराब छोड़ने का फैसला कब किया। इस पर स्पिनर ने बताया कि पिछले साल काउंटी क्रिकेट खेलने के बाद उन्होंने इस दिशा में कदम उठाया। चहल ने कहा पिछले साल



काउंटी क्रिकेट के बाद चीजें हद से ज्यादा बढ़ गयी थीं। इसलिए मैं रिहैब सेंटर में भर्ती हुआ और वहां २६ दिन रहा। अब मुझे पता है कि इन चीजों को कैसे संभालना है। इस फैसले ने मेरी निजी जिंदगी में बड़ा बदलाव किया। मेरी परिपक्वता बढ़ी और भावनाएं भी संतुलित हुईं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में कम उम्र होने के कारण पार्टियों में जाना आम बात थी। हालांकि तलाक के बाद शराब पीने की आदत बढ़ गयी और उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रही। मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं इसी रास्ते पर चलता रहा, तो उस चीज को ही बर्बाद कर दूंगा, जिससे मुझे सबसे ज्यादा प्यार है। वह है क्रिकेट। इसलिए मैंने इसे रोकने का फैसला किया। अब मैं ज्यादा खुश हूं और बेहतर स्थिति में हूं। चहल ने बताया कि निजी जिंदगी सार्वजनिक चर्चा का विषय बनने से उन्हें काफी परेशानी हुई। इसका असर उनके खेल पर भी पड़ा। उन्होंने कहा कि उस साल उन्होंने सीमित ओवरों के सिर्फ दो मैच खेले और मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण टी-२० क्रिकेट से दूर रहे। चहल ने कहा मैं पूरी तरह तैयार नहीं था और नहीं चाहता था कि मेरी वजह से टीम को नुकसान हो। मैंने अनिरुद्ध सर से बात की और ब्रेक मांगा। उन्होंने मेरा काफी साथ दिया। उन्होंने बताया कि एक समय के बाद उन्हें चिंता और पैनिक अटैक आने लगे। चहल के मुताबिक, ऐसे समय में उनकी धड़कन तेज हो जाती थी और चेहरे पर भी इसका असर दिखाई देता था। उनके होंठ एक तरफ खिंच जाते थे और वह ठीक से बोल भी नहीं पाते थे।

अमृता फाइनल में, कोमल को कांस्य

अण्डर-२३ विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप

लास वेगास (एजेन्सियां)। भारत की अमृता पुजारी ने अंडर-२३ विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में महिलाओं के ७२ किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अमृता ने कजाखस्तान की साबिरजानोवा को ७-१ से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन की वेंजिन कियू को १०-८ से मात दी। महाराष्ट्र के सोलापूर की अमृता का सामना अब यूक्रेन की इरिना जाब्लोत्स्का से होगा। दूसरी ओर कोमल ने महिलाओं के ५९ किलो वर्ग में कजाखस्तान की विक्टोरिया के को ७-२ से हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले वह सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना फिलिपोविच से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गयी थी। उन्होंने कनाडा की एला फाइंडिंग को हराया था। स्वीटर ५३ किलो वर्ग में रेपेचेज के जरिये कांस्य पदक की दौड़ में है। वह क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टेले रौद्रिगेज डोबलर से २-११ से हार गयी थी। डोबलर के फाइनल में पहुंचने से स्वीटी को रेपेचेज खेलने का मौका मिला है जिसमें वह चीन की शियापटोंग झेंग से खेलेगी। वैष्णवी पाटिल भी ६५ किलो वर्ग में रेपेचेज के जरिये पदक की दौड़ में है। वह जापान की हारूका कोबारू से खेलेंगी। दीक्षा मलिक महिलाओं के ७६ किलो वर्ग में पांचवें स्थान पर रही। वीजा से जुड़े कारणों से भारत महिलाओं के ५० किलो, ५५ किलो, ५७ किलो और ६२ किलो वर्ग और ग्रीको रोमन ६० किलो, ७७ किलो, ८२ किलो, ९७ किलो और १३० किलो में खिलाड़ी नहीं उतार सका है।

महासंघों को अब मिलेंगे ५० करोड़

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। देशमें अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओंके आयोजन को बढ़ावा देनेके लिए खेल मंत्रालयने शुक्रवारको राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को ५० करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता देनेका प्रावधान किया है। मंत्रालयने संशोधित राष्ट्रीय खेल महासंघ सहायता योजनाके संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करते हुए यह घोषणाकी। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनोंके लिए महासंघोंको अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाती थी। मंत्रालयके अनुसार संशोधित दिशा-निर्देश भारत के दीर्घकालिक खेल दृष्टिकोण और २०३६ ओलम्पिककी मेजबानीकी दावेदारीके साथ २०३० राष्ट्रमंडल खेलोंकी तैयारियोंके अनुरूप तैयार किये गये हैं। मंत्रालयके अनुसार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओंकी मेजबानीके लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता आयोजनके स्वरूप और महत्व, भाग लेने वाले देशों तथा खिलाड़ियोंकी संख्याके आधारपर तय की जायेगी।



अजय स्केटिंग अकादमी चैम्पियन



वाराणसी। अजय स्केटिंग अकादमी के बच्चों ने शानदार खेलका प्रदर्शन करते हुए डालिम्स सनबीम ग्लोबल स्कूल सिगरामें हुई प्रथम किड्स वारियर प्रमोशनल स्केटिंग चैम्पियनशिप में चैम्पियन होनेका गौरव हासिल किया। राजेश डोंगरा स्केटिंग स्कूल प्रथम रनरअप तथा डालिम्स सनबीम वर्ल्ड स्कूल पहड़िया द्वितीय रनरअप रहा। २५ स्कूलों के लगभग १५० बच्चों की तीन आयु वर्ग की हुई इस चैम्पियनशिपमें स्वास्तिक सिंह, अभ्युदय सिंह, अथर्व अग्रहरी, मोहम्मद इब्राहिम, धृति श्रीवास्तव, अनायरा यादव, अग्रिसा, दिवीशा वर्मा, नेहाल, विविक्षा सिंह, केशव, हिम्मत सिंह, आर्यावर्त चौरसिया, श्रीहन शाह, अथर्व गुप्त, मृणाल, शिशिर शुक्ल, राब्या, अनिका अग्रवाल, वनिक कपूर ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मैच के पश्चात मेजबान स्कूल के सह निदेशक माहिर मधोप और कडली कैटर पीलर स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि शर्मा के साथ डालिम्स सनबीम स्कूल सिगराकी प्रधानाचार्य प्रतिभा द्विवेदी ने पुरस्कार वितरित किया। इस मौकेपर जिला रोलर स्पोर्ट्स स्केटिंग असोसियेशन के उपाध्यक्ष मोहिउद्दीन, रवि सिंह, सागर गौड़, अभिषेक शर्मा, अजय पटेल, नीरज गुप्त, अंजली गुप्ता, विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रेयांश ने दिलायी आदर्श क्रिकेट क्लब को जीत

वाराणसी। प्लेयर आफ द मैच श्रेयांश उपाध्याय (५५) के आक्रामक अर्द्धशतक के सहारे आदर्श क्रिकेट क्लब ने यहां हरउआ स्थित ओलम्पियन विवेक सिंह स्टेडियम में शुक्रवार को सगीर अहमद जूनियर अण्डर-१६ क्रिकेट लीग में दृष्टि क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। दृष्टि क्रिकेट क्लब ने पहले खेलते हुए निहाल यादव ५३ और श्रेयांश यादव के १८ रन के सहारे सिमटनेसे पहले ३५ ओवर में १२९ रन बनाये। प्रख्यात सिंह और निष्कर्ष पाण्डेय ने दो-दो विकेट चटकाये। जवाब में आदर्श क्रिकेट क्लब की टीम ने २०.४ ओवर में ही केवल दो विकेट खोकर १३३ रन बना लिए। श्रेयांशके अलावा लक्ष्य सेठ ने ३५ और प्रख्यात सिंह ने अजेय २२ रन बनाये।

शिखर ने लगायी सुनहरी छलांग, शुभम, रतिमा को रजत



वाराणसी। वाराणसीके शिखर ने अपने खेल कौशलका शानदार मुजाहरा पेश करते हुए गाजीपुर में शुक्रवारसे शुरू ७०वीं मण्डलीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगिताके पहले दिन जूनियर बालक वर्ग में ऊंची कूद स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। शिखरकी सुनहरी कामयाबी के बाद वाराणसी को फिर खुशी का पल दिया



शुभम पाल ने जिसने जूनियर बालक वर्ग के १०० मीटर दौड़ में दूसरा स्थान

मण्डलीय विद्यालयीय अथलेटिक्स

हासिल करते हुए ट्रैक से चांदी का तमगा उठाया। बालिकाओं के जूनियर वर्ग में रतिमा पटेल ने भी अपने दमखम का प्रदर्शन करते हुए ४०० मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल



किया। तीनों पदक विजेता खिलाड़ी विकास इण्टर कालेजके छात्र हैं। पदक विजेता खिलाड़ियोंकी इस सफलता पर संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मण्डल दिनेश सिंह, मण्डलीय क्रीड़ा सचिव राजेश कुमार सिंह और विद्यालयके चेयरमैन डाक्टर एके सिंह ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हाफ मैराथन का मार्ग बदला

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय निर्वाचन आयोगके खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनोंके बीच रविवार को आयोजित होने वाली दिल्ली हाफ मैराथनके आयोजकोंने शुक्रवारको दौड़ के मार्ग में मामूली बदलाव की घोषणा की है जिसके तहत धावक रेल भवन, संसद मार्ग और पटेल चौकसे होकर नहीं गुजरेंगे। प्रदर्शनके कारण इन तीनों स्थानोंके आसपास पुलिसने भारी बैरिकेडिंग कर रखी है। विरोध प्रदर्शनोंको देखते हुए आयोजकों ने दौड़के मार्गमें संशोधन किया है। आयोजकोंके अनुसार धावक कर्तव्य पथ से बाईं ओर मुड़कर सेवा तीर्थ गोलचक्कर की ओर जायेंगे। इसके बाद वे मौलाना आजाद रोड पर बाईं ओर मुड़ेंगे। वहां से यू-टर्न लेकर सेवा तीर्थ गोलचक्कर के आसपास से होते हुए रफी मार्ग पहुंचेंगे और फिर दाईं ओर मुड़कर दोबारा कर्तव्य पथ पर आ जायेंगे। इससे पहले धावक कर्तव्य पथ से दाईं ओर मुड़कर रेल भवन, संसद मार्ग और पटेल चौक की ओर जाते थे। इस बार संसद मार्ग से दौड़ की शुरुआत भी नहीं होगी।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल शनिवार, 17 अक्टूबर 2026

मेष-	परिवार में खुशी, अपेक्षित सहयोग, पुरातन विवाद हल, वातावरण अनुकूल, हर्ष भी।
वृषभ-	स्वास्थ्य की चिन्ता, संकल्प-विकल्प, मानसिक बेचैनी, समस्याएं उत्पन्न, सुख में कमी।
मिथुन-	निराशा का समापन, अनुकूल घटनाएं, मंगल आयोजन, धन निवेश, क्षमता में वृद्धि।
कर्क-	आरोग्यसुख, मित्रों से सहयोग, धनसंचय में प्रवृत्ति, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम।
सिंह-	आर्थिक पक्ष बेहतर, मान-सम्मान की प्राप्ति, धर्म में आस्था, मनोरंजन में रुचि।
कन्या-	उलझनें प्रभावी, शत्रु सक्रिय, राजकीय कष्ट, मान-सम्मान की चिंता, मानसिक तनाव।
तुला-	परिस्थितियों में सुधार, जिम्मेदारियों की पूर्ति, घरेलू वातावरण सुखद, धर्म में आस्था।
वृश्चिक-	साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, आश्वासनों से राहत, हर्ष भी।
धनु-	व्यवसाय में विस्तार, प्रगति का प्रयास, कर्ज की अदायगी, आत्मविश्वास में वृद्धि।
मकर-	कार्यों में उदासीनता, कटुवचन से कष्ट, मनोबल में कमी, सुख का अभाव, हानि भी।
कुम्भ-	व्यक्तित्व का विकास, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति।
मीन-	अभीष्टसिद्धि, निराशा का समापन, जनसम्पर्क का सुयोग, धनागम का लाभ, प्रसन्नता।

आज है जिनका जन्मदिन 17 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 17 का मूलांक 8 का स्वामी ग्रह शनि एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। सूक्ष्मदर्शिता विशेष गुण होगा। आपकी इच्छा शक्ति दृढ़ होगी। बहुत जल्दी क्रोधित हो जायेंगे। आपके जीवन में अनेकों बार उतार-चढ़ाव के क्षण आयेंगे। आपकी महत्वकांक्षाएँ बहुत ऊँची रहेंगी। में ईर्ष्या भावना अधिक रहेगी। आपके कार्यों में नवीनता की झलक मिलेगी। धार्मिक अध्यात्मिक कृत्यों में झुकाव अधिक रहेगा। क्रोध की स्थिति में अपना ही नुकसान कर लेंगे। सहज ही कुछ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे इसके लिए कठिनाईयों के दौर से गुजरना पड़ेगा। जनकल्याम की ओर रुझान रहेगा। छोटे एवं तुच्छ कार्यों से संतुष्ट नहीं होंगे। कोई भी कार्य जल्दबाजी में नहीं करेंगे। ये व्यक्ति हानि पहुँचाने की दिशा में गुप्त षडयंत्र करेंगे। देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में हरा एवं नीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें। शनिवार के दिन शनि ग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। शुद्ध शाकाहार जीवन अपनाएँ। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ शं शनैश्चराय नमः	मास	: जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
व्रत	: शनिवार	वर्ष	: 8, 17, 26, 35, 44, 53, 62, 71
दिन	: सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार	रंग	: हरा, नीला, काला एवं भूरा
दिनांक	: 8, 17, 26	जन्मरत्न	: नीलम उपरत्न : नीली
अंक	: 2, 4, 6, 7	जड़ी	: लाल चन्दन की जड़

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 जनवरी से 20 फरवरी, 20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

सुडोकू ४०८६

सरीका खेलने का : दिग्गजों खेल और नम्बरों को पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। अब तो-दो खानों के भी खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के प्रत्येक खानों में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। खानों की 3x3 के प्रत्येक खानों में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देंगे।

		4						1
	1			6		5		
8			4					
		2	9					
	5					3	6	
			2					4
	3				5			
								9

6	2	1	7	8	4	3	9	5
7	9	8	5	6	3	4	1	2
3	5	4	9	1	2	7	6	8
4	6	2	1	3	5	9	8	7
8	3	9	2	4	7	1	5	6
5	1	7	6	9	8	2	4	3
1	4	5	3	2	6	8	7	9
9	7	3	8	5	1	6	2	4
2	8	6	4	7	9	5	3	1

हल: ४०८५

पोखरे में डूबने से वृद्ध की मौत

हाटा(कुशीनगर)। नगर पालिका के वार्ड संख्या 25 इंदिरा नगर में स्थित पोखरे में डूबने से एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। शुक्रवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे इंदिरा नगर के विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित पोखरे में करमहा रोड, इंदिरा नगर निवासी 70 वर्षीय हरि लाल गोंड पुत्र मन्त्री को कुछ लोगों ने पोखरे की तरफ जाते देखा। कुछ देर बाद उन्हें डूबते देख लोगों ने शोर मचाया, मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें पोखरे से बाहर निकाला और पुलिस एवं नगरपालिका को सूचना दी।सूचना पर अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह, कस्बा पुलिस और कमलेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं नायब तहसीलदार जितेंद्र पाण्डेय भी मौके पर पहुंचे। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। नायब तहसीलदार जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि पोखरे पर लगे सीसीटीवी कैमरे से घटना की जांच की जाएगी। पीडति परिवार को शासन द्वारा निर्धारित सहयोग दिलाया जाएगा।



शराब के नशे में बुजुर्ग पिता की पिटाई, जान से मारने की धमकी

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम साहोपार नौका टोला निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने पुत्र पर शराब के नशे में आए दिन मारपीट करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीडति ध्रुप खरवार ने थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा और आरोपित पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 15 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उनका पुत्र बिनोद खरवार कथित रूप से शराब के नशे में घर पहुंचा और बिना किसी उचित कारण के गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट करने लगा। आरोप है कि उसने बुजुर्ग को घसीटकर पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह घर से बाहर निकलकर पीडति ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पीडति का आरोप है कि उनका पुत्र आए दिन शराब पीकर इसी तरह मारपीट और गाली-गलौज करता है। इस संबंध में वह पहले भी कई बार थाने में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उनका कहना है कि सहायता करने वाले लोगों के साथ भी पुत्र अभद्रता और धमकी देता है। वृद्ध ने अपनी शारीरिक कमजोरी और असहाय स्थिति का हवाला देते हुए गंभीर अनहोनी की आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित पुत्र के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस सम्बंध में थानाप्रभारी पंकज गुप्ता ने कहा कि तहरीर प्राप्त हुई है बहुत जल्द कार्यवाई की जायेगी।

किशोरी को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

भटनी, देवरिया। थाना क्षेत्रके एक की किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामलें में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है । आरोप है कि एक युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अपने साथ ले गया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, 12 अक्टूबर को किशोरी पढ़ने के लिए स्कूल गई थी, लेकिन निर्धारित समय पर घर नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान एक संदिग्ध मोबाइल नंबर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई गई। इस संबंध में पिता ने भटनी थाने में तहरीर दी। दिये गये तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

हाटा(कुशीनगर)। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और त्रुटियों में सुधार के लिए 17 और 24 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मौजूद रहेंगे। शुक्रवार को तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी मयंक त्रिपाठी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने और सूची को त्रुटिरहित बनाने पर चर्चा हुई।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मयंक त्रिपाठी ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, मतदाता सूची में संशोधन के लिए फॉर्म-8 और नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 भरवाए जायेंगे। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण करने की अप8ील की और कहा कि यदि कोई बूथ जर्जर है या मतदाताओं के लिए असुविधाजनक है तो इसकी जानकारी दें, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके।



इस दौरान बैठक में तहसीलदार जया सिंह,नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार पांडेय,भाजपा से बबलू जायसवाल,सपा से रामपरसन सिंह,बसपा से श्रीराम कुमार, कांग्रेस से अरशद खान, आर्यावर्त पार्टी से दयानंद यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत अंशिका और दिव्या ने संभाली थाने की कमान

पडरौना/कुशीनगर। महिला सशक्तीकरण को व्यवहार में उतारने और बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 6.0 के तहत शुक्रवार को जिले के दो थानों में विशेष पहल की गई। कप्तानगंज और जटहां बाजार थाने में कक्षा 12 की छात्राओं को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान छात्राओं ने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा, बल्कि आमजन की समस्याओं को सुनने का अनुभव भी प्राप्त किया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के द क्रिसेन्ट स्कूल की छात्रा अंशिका सिंह को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। बौलिया निवासी सुनील कुमार सिंह की पुत्री अंशिका ने थाने पर पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस पहल के माध्यम से उसे पुलिस की जिम्मेदारियों, शिकायतों की सुनवाई और समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला। इससे पहले थाना परिसर में छात्राओं को विभिन्न कार्यालयों और पुलिस इकाइयों का भ्रमण कराया गया। महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, महिला शक्ति केंद्र, आइजीआरएस कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष और जनसुनवाई व्यवस्था की जानकारी दी गई। हवालात की कार्यप्रणाली से भी परिचित कराया गया। पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और आत्मसम्मान के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में जटहां बाजार थाना क्षेत्र के लाची देवी इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा दिव्या मिश्रा को भी एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। इस दौरान उसे पुलिस की कार्यशैली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी और आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान में पुलिस की भूमिका से परिचित कराया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के सभी थानों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसमें महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तीकरण से जुड़े विषयों पर संवाद किया गया। महिलाओं से उनकी समस्याएं, सुझाव और अनुभव जानने के साथ उन्हें किसी भी परेशानी की स्थिति में निडर होकर पुलिस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन 1090, 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे में बताया गया। महिलाओं को साइबर ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों, घरेलू हिंसा और उत्पीड़न से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जिम्मेदारी का अनुभव देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की यह पहल पुलिस तथा समाज के बीच विश्वास और संवाद मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



दो बाइकों के सामने- सामने की टक्कर में एक की इलाज के दौरान मौत, एक महिला गंभीर

समउर बाजार,कुशीनगर।मौसी को छोडने उसके घर जा रहे बाइक सवार युवक की विपरीत दिशा से आ रहे बाइक की आमने सामने की टक्कर में मौसी को छोडने जा किशन शर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई।वही बाइक पर बैठी मौसी उर्मिला देवी गंम्भीर रुप से घायल हो गयी।दूसरे बाइक सवार प्रिंस कुमार व निगम गौंड़ भी गंम्भीर रुप से घायल हो गये तीन की इलाज चल रहा है। दोनो बाइक सवार हेल्मेट नही पहने थे।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव जोगिया बिचली पट्टी निवासी किशन शर्मा पुत्र उमा शर्मा उम्र लगभग 20,वर्ष अपनी मौसी उर्मिला देवी उम्र 40,को लेकर बुधवार को बिहार के गांव हरडवा जा रहे थे जैसे ही समउर- मीरगंज मार्ग पर स्थित परसौनी गांव के समीप पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार प्रिंस कुमार उम्र 22,वर्ष व निगम गौंड़ 28,वर्ष निवासी बेलाडीह थाना कटेया से दोंनों बाइक में आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। जिसमे किशन शर्मा व उर्मिला देवी ,पक्की सड़क पर सिर के बल गिर गई गंम्भीर रूप से चोट हो गई ,वहा मौजूद लोगों ने उन्हें एम्बुलेंस से गोरखपुर के मेडिकल कालेज भेज दिया,अभी वह जगदीशपुर के समीप पहुंचे थे कि रास्ते में किशन शर्मा पुत्र उमा शर्मा निवासी जोगिया बिचली पट्टी थाना पटहेरवा की मौत हो गयी।मौसी उर्मिला देवी की इलाज एम्स अस्पताल गोरखपुर में चल रहा है उनकी भी स्थिति गंम्भीर बतायी जा रही है। वही दूसरे बाइक सवार युवक प्रिंस कुमार व निगम गौंड़ निवासी बेलाडीह थाना कटेया की पैर टूट गई है और सिर पर गंभीर चोट लगी हैं इनका इलाज भी कटेया में चल रही है।

इस सम्बंध में थानाप्रभारी कटेया अवधेश कुमार ने बताया कि गंम्भीर रुप से घायल किशन शर्मा,व उर्मिला देवी को इलाज के लिए गोरखपुर भेजा गया था मृत्यू होने की जानकारी नही है। तहरीर मिलने पर अगली कार्यवाही की जायेगी।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर आज होगी बैठक

पडरौना/कुशीनगर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर आज शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक होगी। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में होने वाली बैठक सुबह 11:30 बजे शुरू होगी। एक जनवरी, 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के साथ ही मतदेय स्थलों के सम्भाजन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों एवं मंत्रियों से निर्धारित समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने की अपील की है।

घायल महिला की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में मृत्यु

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार निवासी उपेन्द्र तिवारी अपनी पत्नी संगीता देवी के साथ शारदीय नवरात्रि मे माँ थावे की दुर्गा माता की दर्शन कर घर वापस आ रहे थे । उसी समय भठवा तिवारी गाँव के पास पीछे से एक चार पहिया अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी ।जिससे पति पत्नी दोनो घायल हो गये । दोनो को उपचार के लिए भाटपाररानी स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया ।जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार केबाद पत्नी संगीता देवी को मेडिकल कालेज देवरिया भेज दिया ।और वहां से बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया ।जहाँ उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी ।मृतका अपने पीछे दो पुत्रियो को छोड गयी है ।परिवार एवं गाँव शोक व्याप्त है ।

मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

मईल,देवरिया। मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर चौराहे से पिण्डी भागलपुर मार्ग पर बुधवार की देर रात एक हृदय विदारक सड़क हादसा हुआ। पशु आहार लेने जा रहे 35 वर्षीय दुर्गेश पाण्डेय पुत्र चंद्रभान पाण्डेय को अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद वह वाहन में फंस गए करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए भागलपुर शीतला माता मंदिर तक पहुंच गए।स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में उन्हें भागलपुर पीएचसी पहुंचाया, जहां गंभीर हालत देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में आधी रात को उनकी मौत हो गई।वही मौका का फायदा उठा अज्ञात वहान चाहल वाहन ले फरार हो गया, मृतक दुर्गेश की पत्नी रानी उनकी 10 वर्षीय बेटी बैश्नवी और 8 वर्षीय बेटा हार्दिक है।

कार्यालय अधिशासी अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सिद्धार्थनगर

पता-विकास भवन द्वितीय तल

मैन्यूवल निविदा की सूचना

पत्रांक-650/ग्रा.अ.वि./निविदा नोटिस/2026-27 दिनांक 12-10-2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सिद्धार्थनगर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी, सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *मैन्यूवल विधि* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य से सम्बधित विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस GST सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-नौगढ़ के ग्राम पटनी जंगल में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
2	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-उसका बाजार के ग्राम सुगही में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
3	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-उसका बाजार के ग्राम घुरिहारी में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
4	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-उसका बाजार के ग्राम महुलानी में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
5	सिद्धार्थनगर	मु0-सिविल लाइन, नगर पालिका परिषद में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
6	सिद्धार्थनगर	वार्ड नं0 02, नगर पंचायत उसका बाजार में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
7	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-जोगिया के ग्राम दोहनी में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
8	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-जोगिया के ग्राम टिकरिया में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
9	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-उसका बाजार के ग्राम फुलवरिया खुर्द में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
10	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-जोगिया के ग्राम देवरा बाजार में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
11	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम कूड़ी में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
12	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम सोनखर में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
13	सिद्धार्थनगर	सेखुई वार्ड नं0 2, नगर पंचायत भारतभारी में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
14	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम हबीबपुर में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
15	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम रठेना में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
16	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम जमौता में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
17	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम गौहनिया में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
18	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम गौराही बुजुर्ग में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
19	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम तेलियाडीह में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
20	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-डुमरियागंज के ग्राम चौरा बनगवा में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
21	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खुनियांव के ग्राम फरेन्दा में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
22	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-भनवापुर के ग्राम अहिरौली पेड़री में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
23	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खुनियांव के ग्राम भिलौरी भिलौरा में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
24	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खुनियांव के ग्राम सेमरी में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
25	सिद्धार्थनगर	ग्राम पेडारी, नगर पंचायत इटवा में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
26	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खुनियांव के ग्राम धोबहा मुस्तहकम में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
27	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-भनवापुर के ग्राम सिंगारजोत में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
28	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खेसरहा के ग्राम बेलउख में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
29	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-बांसी के ग्राम बरदही नानकार में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
30	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-मिठवल के ग्राम नदाव में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
31	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खेसरहा के ग्राम भतुहा में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
32	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खेसरहा के ग्राम चौरी खुर्द में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
33	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-मिठवल के ग्राम डढिया में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
34	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खेसरहा के ग्राम भूपतजोत में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
35	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-खेसरहा के ग्राम भेड़ीहा में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
36	सिद्धार्थनगर	ग्राम बीड़िहार में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
37	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-बढ़नी के ग्राम भाद मुस्तहकम में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
38	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-बढ़नी के ग्राम धनौरा मुस्तहकम में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
39	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-बढ़नी के ग्राम ढेबरूआ में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
40	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-शोहरतगढ के ग्राम लौसा में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती
41	सिद्धार्थनगर	वि0ख0-जोगिया के ग्राम बैदौली में स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर जी मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल मरम्मत एवं सौंदरीकरण का कार्य।	8.33	17000.00	500.00+ 225.00+ 42.00= Total 767.00	3 Months	विकास भवन सिद्धार्थनगर	कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर	मूढ़घाट रोड जिला सेवायोजन कार्या0 के सामने बस्ती

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:-21.10.2026 से 27.10.2026 तक।
3. निविदा बिक्री प्रारम्भ तिथि, समय व स्थान दिनांक 21.10.2026 को कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सिद्धार्थनगर, जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर एवं अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-बस्ती पूर्वान्ह 10.00 बजे से।
4. निविदा बिक्री के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान दिनांक 27.10.2026 को कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सिद्धार्थनगर, जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर एवं अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-बस्ती अपरान्ह 05.00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि समय व स्थान दिनांक 28.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सिद्धार्थनगर, जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर एवं अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-बस्ती।
6. निविदा खोलने की तिथि 28.10.2026 समय सायं 04.00 बजे कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सिद्धार्थनगर।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा।
8. निविदा आमंत्रणकर्ता के क्लाज 9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सिद्धार्थनगर में सम्पर्क करें।
9. सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि बिड सम्मिट करने से पूर्व बिड डाकूमेन्ट को भलीभांति पढ लें।

(इं. शैलेन्द्र चौधरी)
अधिशासी अभियंता

उ.प्र. 258355/दिनांक 15-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

शिव की नगरी में मां कालरात्रि की पूजा

शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रिकी पूजा करने से भक्त को भयमुक्त जीवन और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त होता है। माता के आशीर्वाद से तांत्रिक बाधा, जादू-टोना, भूत-प्रेत या अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। मां कालरात्रि को ही काली, शुभंकरी और भयहारणी भी कहा जाता है।



माता कालरात्रि की उपासना नवरात्रि के सातवें दिन विशेष मानी जाती है। नवरात्रि में सबसे विशेष दिन सप्तमी का होता है। मां कालरात्रि काजल के स्वरूप वाली हैं। उनके इस स्वरूप को बेहद ही दयालु कहा जाता है। मां नाना प्रकार के आयुध से विराजमान रहती हैं। मां कालरात्रि के पूजन से अकाल मृत्यु का संकट दूर हो जाता है। शिव की नगरी काशी का यह

नवरात्रि विशेष

अद्भुत और इकलौता मंदिर है, जहां भगवान शंकर से रुष्ट होकर माता पार्वती ने सैकड़ों वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। यह सिद्ध मंदिर अपनी दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए प्रसिद्ध है. विधि-विधान से पूजा करने से मां का आशीर्वाद मिलता है। मां को बेहद ही दयालु माना जाता है। यहां तो पूरे साल भीड़ देखने को मिलती है, लेकिन नवरात्रि की सप्तमी तिथि को भीड़ ज्यादा होती है। जो भी भक्त एक बार मंदिर परिसर में पहुंचता है, उसका मन मां के ध्यान में स्वत: ही लीन हो जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप जितना विकराल प्रतीत होता है, उतना ही सौम्य और करुणामयी भी है। श्रद्धालुओं ने कहा कि परंपरा के अनुसार, मां के चरणों में गुड़हल के पुष्प, लाल चुनरी, नारियल, फल, मिष्ठान, सिंदूर, रोली, इत्र और द्रव्य अर्पित करना विशेष रूप से फलदायी माना गया है। भक्त विश्वास रखते हैं कि माता अपने दरबार में आने वाले प्रत्येक साधक की मनोकामना पूरी करती हैं। शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रि पूजा करने से भक्त को भयमुक्त जीवन और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त होता है।

नवरात्रि पर भगवती काली की पूजा-अर्चना है विशेष पुण्य फलदायी

मनोरथ की पूर्ति के लिए करें मन्त्र का जप एवं स्तोत्र पाठ

भारतीय संस्कृति के हिन्दू सनातन धर्म में धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार माँ भगवती काली की साधना प्रत्येक साधक उनकी शक्ति प्रदायिनी स्वरूप को ही लेकर करता है। क्योंकि भगवती काली को शक्तिस्वरूपा कहा गया है। भगवती काली का शक्ति स्वरूप अत्यन्त तेजस्वितायुक्त है। उनके तेज को आत्मसात् कर पाना प्रत्येक मनुष्य के वश की बात नहीं है, एक साधारण मनुष्य उनके भजन तो गा सकता है, उनकी भक्ति तो कर सकता है, लेकिन साधना करने की क्षमता सिर्फ साधकों में ही होती है। जो पूर्णता के साथ भगवती काली के शक्तिस्वरूप को स्वयं में निहित कर सकते हैं। नवरात्रि में श्रीमहाकाली, श्रीमहासरस्वती व श्रीमहालक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। आस्थावान भक्तजन अपने-अपने पारम्परिक व धार्मिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि में सप्तमी तिथि को नवदुर्गा के सप्तम स्वरूप श्रीमहाकाली जी की पूजा-अर्चना करने की महिमा है। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि इस बार आश्विन शुक्लपक्ष की सप्तमी तिथि 16 अक्टूबर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 5 बजकर 55 मिनट पर लगेगी, जो कि 17 अक्टूबर, शनिवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 6 बजकर 00 मिनट रहेगी, तत्पश्चात् अष्टमी तिथि लग जाएगी। मूल नक्षत्र 16 अक्टूबर, शुक्रवार को प्रात: 6 बजकर 48 मिनट से 17 अक्टूबर, शनिवार को प्रात: 9 बजकर 47 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र लग जाएगा, जो कि 18 अक्टूबर, रविवार को दिन में 12 बजकर 49 मिनट तक रहेगा। श्रीमहाकाली जी की पूजा-अर्चना से समस्त संकटों का निवारण होता है साथ ही ग्रहदोष से भी मुक्ति मिलती है। मनोरथ की पूर्ति के लिए करें मन्त्र का जप एवं स्तोत्र पाठ- भगवती माँ काली के विशेष मंत्र जिनको जपने पर मनोरथ की सिद्धि होती है—(1) क्रीं (2) क्रीं क्रीं (3) क्रीं क्रीं क्रीं (4) क्रीं स्वाहा (5) ह्रीं। समस्त मनोकामनाओं एवं मनोरथपूर्ति के लिए 11 अक्षरों का मंत्र 'ऐं नम: क्रीं क्रीं कालिकायै स्वाहा'। माँ काली की महिमा अपरम्पार है।



